Educational Waves

Chief Editor-
Dr. Chandrani Tiwari



A Quarterly Inter Disciplinary Reviewed
Refereed Research Journal

website : www.educationalwaves.com
e-mail : drctiwari@yahoo.com

Educational Waves

Multidisciplinary Quarterly Research Journal

RNI CHHBIL/2010/36213 Vol-VII ISSUE-III&IV July to Dec 2016 ISSN 0975-877

CONTENTS

Subject	Page No.
✧ Naxalism And Its Impact In India * * Dr. M.S. Tamboli	1-6
✧ Socio-economic culture in Nadia District of West Bengal- Bangladesh frontier" * Dr. Prashant Gauraha ** Mr. Tapan Gain	7-10
✧ Literacy Rate & Level of Education in Scheduled Caste Population in Bilaspur District (C.G.) * Dr. Manjula Dubey ** Debasis Maji	11-15
A Comperative Study On Educational Administration Among Private And Govt. School Teachers In Relation To Their Locale * Rajkumar Panda ** Dr. Chandrani Tiwari	16-18
✧ The Imapct of Transoprt on Tourism Of Bilaspur Distict (C.G.) * Dr. Prashant Gauraha ** Mr. Nilanjan Roy	19-23
✧ Study of the Environmental Awareness of elementary level students in Rural and Urban areas in Bilaspur districts * Nayan Ranjan Panda ** Rajkumar Panda	24-26
✧ Comparative Study of Impact Of Infrastructural Facilities On Villages Nimtara & Pand Bilaspur District * Padma Das ** Dr. Manjula Dubey	27-30
✧ A study of Multiphasic Interest in Different Class Students" * Smt. Sukanya Panda	31-34
✧ वैश्वीकरण के दौर में मानवाधिकार * श्रीमती सुजाता सैमुएल ** श्रीमती कांति अंचल	35-36
✧ छत्तीसगढ़ विधानसभा की समितियां तथा उनकी भूमिका * डॉ. पी. एल. पटेल	37 to 40
✧ महिला प्रताड़ना एवं मानवाधिकार * डॉ. अंजू शुक्ला ** डॉ. स्वाति शर्मा	41 to 42

PRINCIPAL
D.P. Vipra College
C.G.)

Educational Waves
Volume VII (III&IV)

July-Dec-2016
Page- 41 to 42

महिला प्रताड़ना एवं मानवाधिकार

* डॉ. अंजू शुक्ला ** डॉ. स्वाति शर्मा

सारांश :

भारतीय समाज की मूल इकाई के रूप में परिवार आज भी प्रतिष्ठित है यदि भारतीय परिवार की स्थिति का अवलोकन करें तो आज भी परिवाद में घरेलू हिंसा की स्थिति दिखाई देती है। यदि स्त्री युवा है और विधवा है तो विधवा प्रताड़ना, बांझ के रूप में बंध्या संज्ञा पाकर प्रताड़ना, शराबी, नशेड़ी पति की पत्नी के रूप में प्रताड़ना, सास, डेढ़ सास, ननद, जेठानी के द्वारा प्रताड़ना, पति की उपेक्षा रूपी प्रताड़ना ना जाने कितनी प्रकार की प्रताड़ना से पीड़ित है।

राम आहूजा अपने अध्ययन क्राइम अगेनस्ट वूमेन्स में "महिलाओं के विरूद्ध किये जाने वाले विभिन्न अपराधों यथा बलात्कार, अपहरण, हत्या, वासना और मारपीट आदि को निर्दयता और अमानवीय कृत्यों के प्रमुख स्वरूप के रूप में प्रस्तुत किया है।

लैंगिंग असमानता स्त्रियों की निम्न स्थिति का सबसे बड़ा कारण है- हमारे देश में प्रति 1000 पुरूषों पर स्त्री संख्या 940 है कई-कई प्रांतों जैसे- हरियाणा, पंजाब, राजस्थान में तो 800 तक पहुंच गया है। लैंगिंग असमानता को बढ़ावा देने से अशिक्षा, गरीबी को जड़ माना जाता है। देश में साक्षरता दर 64.84 प्रतिशत है जिसमें 75.26 प्रतिशत पुरूष एवं 53.67 प्रतिशत स्त्री साक्षरता है। यह आंकड़ा भी सर्वत्र एक समान नहीं है। केरल में स्त्री साक्षरता 90.86 में 94.24 पुरूष एवं 87.22 प्रतिशत स्त्री है तो बिहार में 47 प्रतिशत साक्षर में 59.68 प्रतिशत पुरूष एवं 33.12 प्रतिशत स्त्री हैं।

परम्परावादी पुरूष प्रधान भारतीय समाज में स्त्री दोयम दर्जे की ही मानी जाती है सीमोन द बोउवार में सेकण्ड सेक्स में यह प्रमाणित किया है कि स्त्री किस प्रकार समाज में दोयम दर्जे की बन जाती है।2

मध्यकाल में स्त्री महज ही अर्धाग्नी के नाम पर विभिन्न बंधन से-पर्दा प्रथा, पतिव्रता धर्म, बाल विवाह प्रथा, विधवा विवाह निषेध की प्रथा, अशिक्षा में जकड़ दी गई पिता, पति, पुत्र की छाया में जब चलते-चलते स्त्री ने खुद अपना राह तलाशना शुरू किया तब आज की उपभोक्तावादी समाज ने स्त्री को बाजार का हिस्सा बना दिया। लोक लुभावने विज्ञापन, सौंदर्य प्रसाधन की बिक्री, सौन्दर्य प्रतियोगिता में देह प्रदर्शन की मायाजाल में आज फिर उलझ कर रह गई। बार डांसरों की विवशता सबसे बड़ा उदाहरण है आज एक बार फिर पूंजीवादी समाज व्यवस्था ने स्त्री की बौद्धिकता, मौलिकता, शौर्य साहस का गुणगान छोड़ स्त्री देह आकर्षण पर लाकर खड़ा कर दिया है इसीलिए घर के भीतर और बाहर स्त्री यौन शोषण और बलात्कार के राक्षस से हताहत हो रही है।"टी.वी. में पत्र-पत्रिकाओं में जो स्त्री छवि विलानागा दिखाई जाती है। वह छवि उस स्त्री की नहीं है जो कपड़े पहनने का निर्णय खुद करना चाहती है। यह छवि उस बाजार ने उस पर थोपी है जो औरतों को एक उपभोक्ता वस्तु बना देने के लिए प्रति क्षण सक्रिय रहता है और क्या आप सोचते है कि इस उपभोक्ता अभियान के जारी रहते सामान्य स्त्री महफूज रह सकती है।"3

सर्वेक्षण से ज्ञात हुआ कि अधिकांश महिलाएं पारिवारिक सदस्यों को हिंसात्मक व्यवहार के लिए उत्तरदायी मानती है परन्तु यह आश्चर्यजनक जानकारी प्राप्त हुआ कि उन लोगों ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराया और रिपोर्ट दर्ज नहीं कराने का कारण कुछ ने सामाजिक निंदा, कुछ ने पारिवारिक असुरक्षा तो कुछ ने आर्थिक पराधीनता को कारण माना। यह कैसी विडम्बना है कि परिवार के सदस्य ही कन्या को कोख में ही खत्म कर देना चाहते हैं। दहेज की बलि वेदी पर परिवार के लोग झोंक देते हैं। जवान बहू, विधवा बहू के साथ अनाचार करते उनकी आत्मा नहीं झकझोरती कुलीन विवाह के कारण बेमेल विवाह स्त्री की दुर्दशा को और भी बढ़ाता है। "किसी भी देश और समाज के लिए इससे ज्यादा शर्मनाक बात और क्या हो सकती है कि वहां की महिलाएं ही नहीं, मासूम बच्चियां भी पुरूषों से सुरक्षित नहीं हैं। आंकड़े बताते है कि हर साल हमारे यहां 53 फीसदी बच्चे यौन हिंसा के शिकार होते हैं। वास्तविकता तो इससे भी भयावह है क्योंकि वे तो सिर्फ आंकड़े हैं जो सामने आते हैं सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि बच्चे अपने ही घरों में अपने रिश्तेदारों में या परिचितों द्वारा शोषण के शिकार होते हैं। ऐसे में वे अबोध सुरक्षित रहे भी तो कहाँ।"4

महिला प्रताड़ना को रोकने के लिए 2005 में घरेलू हिंसा के विरूद्ध अधिनियम प्राप्त हुआ फिर आज घरेलू हिंसा मारपीट, दहेज, बलात्कार, यौन शोषण, कन्या भ्रूण हत्या, विधवा प्रताड़ना, पराश्रिता परित्यक्तता जैसे पीड़ा से स्त्री समाज पीड़ित है। महिला विरूद्ध हिंसा के लिए कानूनी प्रावधान नि:शुल्क पारिवारिक परामर्श केन्द्र, आश्रम व रोजगार के अवसर महिला अदालत जैसे व्यवस्था भी उपलब्ध है।

* सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र विभाग, डी.पी. विप्र महाविद्यालय बिलासपुर (छग)
** सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र विभाग, डी.एल.एस. महाविद्यालय बिलासपुर (छग)

ATTESTED
PRINCIPAL
D.P. Vipra College

* डॉ. अंजू शुक्ला ** डॉ. स्वाति शर्मा

इसी कड़ी में मानवाधिकार की भी चर्चा होती है।

मानवाधिकार हनन की चर्चा आज समस्त विश्व में चर्चा का विषय है। मानवाधिकार की चर्चा सभी समाजिक व्यवस्था के प्रारंभिक अवस्था से ही होता है। रूसों की प्राकृतिक न्याय से लेकर मैग्नाकार्टा मानवाधिकार का ही उदाहरण है। दुनिया भर में मानवाधिकार के संरक्षण हेतु संयुक्त राष्ट्र संघ से 10 दिसम्बर 1998 में मानवाधिकार की सर्वमान्य घोषणा की थी। 20 नवम्बर 1985 को संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा द्वारा पीड़ित को परिभाषित किया गया है ''धारा-1'' पीड़ित से अर्थ है कि वह व्यक्ति जिसके साथ व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से शारीरिक तथा मानसिक क्षति, भावनात्मक पीड़ा आर्थिक हानि या मूल अधिकारों का हनन किसी कार्य द्वारा कार्य लोप से कारित किए गए हो।

इस संदर्भ में देखे तो आज महिला के घर एवं घर के बाहर दोनों स्थानों पर स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही है, ए.एम. अंसारी के अनुसार- ''नारी जीवन के तीन क्रूरतम अभिषाप, दहेज, बहु-पत्नी, आर्थिक विषमता है इनके जाल में फंसकर नारी अपना अस्तित्व नहीं बचा पाती।''5 आज तथा कथित समाज में लिंग परीक्षण, गर्भपात, मादा भ्रूण हत्या धड़ल्ले से हो रही है मानवाधिकार के तहत प्रत्येक व्यक्ति को जीने का अधिकार है गर्भस्थ शिशु को दुनिया में आने से रोका जाता है। माता, पिता, परिवार, परिजन इस विकृत कार्य में लगे है कन्या के दुनिया में आने के अधिकार छिन रहे हैं। दहेज की बलिवेदी पर सैकड़ों कन्याएं रोज बलिदान दे रही है। घर परिवार और परिवार के बाहर यौन शोषण एवं बलात्कार की शिकार हो रही है। अंध विश्वास के द्वंद से टोनही के रूप में प्रताड़ित हो रही है। यह एक विचारणीय विषय है।

भारत में आजादी के बाद से ही गया लोक तांत्रिक व्यवस्था को अपनाया गया लिंग के आधार पर भेदभाव प्रतिबंधित किया महिला आयोग की स्थापना किया गया है। पुलिस द्वारा मानवाधिकार उल्लंघन को रोकने हेतु एक मार्गदर्शिका केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जनवरी 1996 में सभी राज्यों को भेजी गई है इसमें गवाहों के अधिकारों के रूप में दंड प्रक्रिया संहिता का हवाला दिया गया है। इस धारा के उल्लंघन को मानवाधिकार की श्रेणी में रखा गया है।

आज भारत में आम जनता के अधिकार को सुरक्षित रखने के साथ स्त्री के अधिकार को सुरक्षित रखने के लिए संविधान में स्त्री को बराबर का अधिकार दिया गया है। समानता का अधिकार में विधि के समक्ष समानता, भेदभाव निषेध, स्वतंत्रता में व्यक्तिगत जीवन की स्वतंत्रता का अधिकार दिया गया। आज स्त्री समाज के मानवाधिकार के तहत ही सामाजिक बुराईयों, बाल विवाह, सती प्रथा, बहुपत्नी प्रथा, विधवा विवाह निषेध की प्रथा, पर्दा प्रथा जैसे बुराईयों के खिलफ आंदोलन हुआ। स्त्रियों को शिक्षा प्राप्त क[illegible] का समान अधिकार मिला अवसर की समानता के अंतर्गत समान [illegible] समान मताधिकार, समान उत्तराधिकार जैसे नारी समाज को अधिकार मिला। स्वाधीन भारत में महिलाओं को पुरूषों के समान संवैधानिक अधिकार तथा सभी क्षेत्रों में परिवार, समुदाय समाज एवं राष्ट्र की संस्कृति की पृष्ठभूमि में निर्णय लेने का अधिकार मिला। भारतीय संविधान में महिलाओं को महत्वपूर्ण संवैधानिक अधिकार दिए गए हैं जैसे बंधुआ मजदूरी, नियामक अधिनियम 1951, हिन्दू विवाह अधिनियम 1955, हिन्दू महिला की संपत्ति के अधिकार संबंधी अधिनियम 1956, वेश्यावृत्ति निवारण अधिनियम 1956, दहेज प्रतिबंधित अधिनियम 1961, बाल विवाह निषेध अधिनियम 1976, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, सती प्रथा निषेध अधिनियम 1987, प्रसव पूर्व निधान तकनीक अधिनियम 1994, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 पारित किये गये, शोषण मुक्त महिला सशक्त महिला समाज का परिकल्पना किया [illegible], परन्तु यथार्थ के धरातल पर नारी समाज का चित्र कुछ और है। आज मानवाधिकार के प्रति स्त्री को जागरूक करने के लिए राजनैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक विधिक साक्षरता समाज, जनता, परिवार सभी स्तर पर सघन प्रयास जरूरी है।

संदर्भ:

1. आहूजा राम- ''क्राइम अर्गेनस्ट वूमेन'' रावत पब्लिकेशन जयपुर-2010
2. सीमोन द बोउवार- द सेकण्ड सेक्स अनुवादक प्रभा खेतान स्त्री उपेक्षिता प्रकाशक सरस्वती विहार दिल्ली-1991
3. अहा जिंदगगी, विष्णु नगर, संपादक- आलोक श्रीवास्तव प्रकाशक दैनिक भास्कर पत्र समूह दैनिक भास्कर काम्पलेक्स 10 जे.एल.वर्मा मार्ग जयपुर अंक-7 मार्च 2013
4. राष्ट्रीय सहारा (आधी दुनिया) अंजली सिन्हा प्रबंध संपादक जयव्रत राय प्रकाशक- सहारा इंडिया मास कम्युनिकेशन,सहारा इंडिया विहार चतुर्थ तल, बोरिंड रोड क्रासिंग पटना अंक 24 अप्रैल 2013
5. अंसारी एम ई नारी चेतना और अधिकार जयपुर 985 दिसम्बर 2013
6. प्रो. त्रिपाठी मधुसूदन- भारत में मानवाधिकार ओमेगा पब्लिकेशन नई दिल्ली-08
7. रिसर्च जनरल आफ आर्ट्स मैनेजमेंट एण्ड सोशल साइंस गायत्री पब्लिकेशन रींवा
8. समाज वैज्ञानिक- गौरव प्रकाशन रींवा

Year 2, Issue 4
January - March 2016
V.L.RNI - CHHBIL00907/33/1/2013-TC
ISSN - 2347-8926

SOCIOLOGICAL QUEST

[A Peer-Reviewed Referred Research Journal of Social Sciences]



ATTESTED

PRINCIPAL
D.P. Vipra College
Bilaspur (C.G.)

PRINCIPAL
D.P. Vipra College
Bilaspur (C.G.)

SOCIOLOGICAL QUEST

[A Peer –Reviewed Refered Research Journal of Social Sciences]

CONTENTS

1.	Politico-cultural impact of media	- Dr. Pratap Pinjani	263 - 268
2.	Exploring the Role of Religious aspects	- Viney Dhiman	269 - 275
3.	गाँधी व अम्बेडकर के वैचारिक समन्वय	- सव्यसाँची	276 - 278
4.	Emerging new patterns	- Dr.Vishesh,Dr.Rohitash,RajeshKumar	279 -287
5.	ग्रामीण मजदूरों के पलायन	- डॉ. चंदना मित्रा, श्रीमति सीता चन्द्रा	288 - 292
6.	Anticipating Alternative Development	- Dr. Vijaylaxmi Saxena	293 -301
7.	कोरबा कोयला परिक्षेत्र में उत्खनन	- रजनी यादव, डॉ. नीरज खरे	302 -305
8.	Occupational health problem	- Dr. Debadutta Prusty	306 - 308
9.	Predicament of Tribal Youth	- Dr. Bir Pal Singh	309 -318
10.	छत्तीसगढ़ी ब्राम्हण समाज	- डॉ. अंजू शुक्ला डॉ. स्वाती शर्मा	319 - 322
11.	Our Contributors		323 - 324
12.	Information to Contributors		325
13.	Membership form		326
14.	शोध पत्र/आलेख : लेखक कृपया ध्यान दें		327

Declaration

Hereby it is declared that the authers hold the sole responsibility for the authenticity of the contents and the data depicted, the opinion expressed and the conclusions drawn in the articles that are published in the journal. The editor and/or the publisher of the journal bear no responsibility if dispute arises in any case.

छत्तीसगढ़ी ब्राम्हण समाज में लुप्त होती, वैवाहिक लोक परम्पराएं

(समाजशास्त्रीय अध्ययन)

*डॉ. अंजू शुक्ला, डॉ. स्वाती शर्मा

छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं समाज स्वयं एक वैशिष्टता को समेटा हुआ है। यहॉ के समाज में लोक परम्पराओं का प्रभाव स्पष्ट दिखता हैं। जातिगत विविधता होते हुए भी समरसता यहां की पहचान रही हैं ऐसा कोई गांव नहीं जहां केवल एक जाति के लोग निवास करते हैं। ब्राम्हण, ठाकुर, बनिया, तेली, कुर्मी, बावा (वैष्णव), नाई, राउत, लुहार, कुम्हार, बढ़ई, बुनकर, कोष्टा (देवांगन), बरई अघरिया अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोग निवास करते है। जाति संस्करण में ब्राम्हणों को उच्च स्थान प्राप्त रहा है। ब्राम्हण गांवों में भू–स्वामी रहे हैं साथ ही नौकरी के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण स्थान रहा है। राजनीति में भी ब्राम्हणों का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। जैसे–जैसे समाज परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। ब्राम्हण समाज सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। शहरीकरण, पश्चिमीकरण, का आज छत्तीसगढ़ की लोक परम्पराओं पर असर पड़ा है। अध्ययन की दृष्टि से देखे तो ब्राम्हण समाज की प्रभावित लोक परम्पराओं पर सामाजिक परिवर्तन भौतिकवाद, पश्चिमीकरण, आधुनिकीकरण, आधुनिक शिक्षा, बाजारवाद, दिखावा, उपभोक्तावादी सस्कृति का असर स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है।

प्रस्तुत शोध पत्र में ब्राम्हण समाज में लुप्त हो रहे वैवाहिक परम्पराओं के अध्ययन का प्रयास किया गया है।

छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी ब्राम्हण रायपुर संभाग, बिलासपुर संभाग एवं रायगढ़ संभाग में अधिक फैले हुए है ग्राम्य समाज में मालगुजार के रूप में इनका वर्चस्व था वर्तमान में गांव से पढ़ने लिखने के लिए या नौकरी के लिए शहर में भी मकान बनाकर रहने लगे हैं।

विवाह एक सार्वभौम सर्वमान्य संस्था है। परम्परागत हिन्दू ब्राम्हण सामाजिक जीवन मे विवाह का धार्मिक सामाजिक एवं स्थाई रूप देखने को मिलता है वैसे भी विवाह सभी संस्कारों में एक प्रमुख संस्कार हैं। डॉ. प्रमिला कपूर के अनुसार "स्त्रियों और पुरूषों दोनों के ही जीवन पर विवाह का प्रभाव सदा से इतने स्थायी किस्म का रहा है कि इस संस्था के प्रति आज तक का जो सुख और दृष्टिकोण रहा है। वह किसी भी समाज के विवाह तथा वैवाहिक संबंधी वर्तमान और भावी प्रवृत्तियों के सूचक का काम कर सकता है।"1

छत्तीसगढ़ी ब्राम्हण समाज के विवाह व्यवस्था एक तरफ वैदिक परिपाटी से सम्पादित होती है जैसे लग्न मंडप, पाणिग्रह, सप्तपदी जैसे संस्कार तो दूसरी तरफ लोक परम्पराओं का भी प्रभाव रहा है। लोक परम्पराएं एक प्रकार से मौखिक परम्पराएं है जो पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तातंरित होते रहता है। वर्तमान समय में छत्तीसगढ़ी ब्राम्हण समाज में वैवाहिक लोक परम्पराएं तेजी से लुप्त होती जा रही है। इसलिए शोधकर्ता का ध्यान इस ओर गया है।

अध्ययन के लिए अवलोकन पद्धति अनुसूची एवं अनौपचारिक वार्तालाप का सहारा लिया गया है। अध्ययन के लिए पचास परिवारों का सर्वेक्षणं किया गया हैं

अध्ययन का उद्देश्य निम्नांकित बिन्दुओं पर आधारित है–

1. जन्म कुंडली मिलान संबंधी परम्पराओं का अध्ययन।
2. विवाह तय करने में माता–पिता एवं परिवार की भूमिका संबंधी परम्पराओं का अध्ययन।
3. पान सुपारी एवं फलदान संबंधी परम्पराओं का अध्ययन।
4. मंडपाच्छादन संबंधी लोक परम्पराओं का अध्ययन।
5. तेल माटी संबंधी परम्पराओं का अध्ययन।
6. देवतला संबंधी परम्पराओं का अध्ययन।
7. हरिद्रालेपन एवं मातृका पूजन संबंधी परम्पराओं का अध्ययन।
8. बरात आगमन एवं स्वागत (परगहनी)संबंधी परम्पराओं का अध्ययन।
9. विवाह कार्य एवं विवाह संबंधी परम्पराओं का अध्ययन।
10. गौना (पठउनी) संबंधी परम्पराओं का अध्ययन।
11. प्राचीन समाज से लेकर आज तक विवाह को एक अनिवार्य संस्कार मानकर उसका पालन करना हिन्दू समाज की अनिवार्यता रही है। परन्तु विवाह संस्कार का एक व्यापक रूप था उसमें आज

* डॉ. अंजू शुक्ला, समाजशास्त्र विभाग डी.पी.विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर छ.ग. एवं डॉ. स्वाती शर्मा डी.एल.एस.कॉलेज बिलासपुर

ATTESTED
PRINCIPAL
D.P. Vipra College
Bilaspur (C.G.)

परिवर्तन आ रहा है। संभवतः शिक्षा एवं विचारधाराओं में परिवर्तन के कारण वैवाहिक लोक परम्पराएं अपना अस्तित्व खोते जा रही है।

छत्तीसगढ़ी ब्राम्हण समाज में विवाह पूर्व वर–कन्या की कुंडली मिलान को आवश्यक माना जाता था। पी.वी. काणे ने लिखा है– वधू एवं वर के जन्म की राशि एक हो किन्तु जन्म और नक्षत्र आदि भिन्न हो या नक्षत्र एक ही हो किन्तु राशियां भिन्न होता। दूसरी ओर दोनों के नक्षत्र एक ही हो और वे दोनों भले ही विभिन्न दिशाओं में उत्पन्न हुए हो तो ऐसी स्थिति में विवाह शुभ माना जाता है।" 2

प्रायः ऐसे विश्वासों के कारण छत्तीसगढ़ी ब्राम्हण परिवार में 'विवाह' के समय जन्म कुंडली का मिलान किया जाता रहा है। परंतु वर्तमान में जन्म कुंडली को व्यर्थ मानकर के नकारा जा रहा है। प्रेम विवाह, अर्न्तजातीय विवाह, वैयक्तिक इच्छा में वृद्धि, शिक्षा का प्रभाव, व्यक्तिगत योग्यता; शारीरिक सुन्दरता एवं नौकरी को महत्व मिलने के कारण जन्म कुंडली मिलान संबंधी परम्पराओं का महत्व घट रहा है।

देखिए तालिका क्र.1

तालिका क्रमांक 1
जन्म कुंडली मिलान करने की आवश्यकता

क्रमांक	जन्म कुंडली मिलान	आवृत्ति	प्रतिशत
1	हाँ	20	40
2.	नहीं	30	60
	कुल	50	100

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि अधिकांश 60 प्रतिशत परिवारों ने बताया कि आज विवाह के लिए जन्म कुंडली का मिलान होना आवश्यक नहीं है, जबकि 40 प्रतिशत परिवारों ने माना है कि विवाह के पूर्व वर –वधु के जन्म कुंडली का मिलान होना चाहिए।

इसी प्रकार विवाह पहले तो माता–पिता द्वारा आयोजित होता था। कन्या पक्ष के लोग वर पक्ष के घर विवाह प्रस्ताव लेकर जाते थे, कुंडली मिल जाती थी तब वर कन्या के लोग कन्या पक्ष के घर लड़की देखने आते थे। घर के लोग लड़की देखकर पसंद कर लेते थे और विवाह तय कर देते थे परन्तु आज प्रत्येक परिवार में वर द्वारा स्वयं लड़की देखना अनिवार्य होते जा रहा हैं। वर के परिवार पिता, भाई, दादा के देखने से आज विवाह तय नहीं होता। जब तक लड़का स्वयं लड़की को नहीं देख लेगा आज विवाह तय नहीं होता भले ही विवाह प्रेम विवाह ना हो। अध्ययन के दौरान लगभग देखिए –

तालिका क्रमांक 2
विवाह पूर्व वर द्वारा स्वयं कन्या को देखकर विवाह तय करना

क्रमांक	पदमान	आवृत्ति	प्रतिशत
1	हाँ	45	90
2.	नहीं	05	10
	कुल	50	100

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि लगभग 90 प्रतिशत परिवारों में मान्यता है कि आज लड़का खुद ही लड़की देखकर विवाह तय करना चाहता है जबकि 10 प्रतिशत परिवारों ने बताया कि अभी भी विवाह वर के माता पिता या परिवार द्वारा कन्या देखकर विवाह तय किये जा रहे है।

विवाह तय हो जाने के पश्चात वर पक्ष के लोग कन्या के घर आते है कन्या पक्ष के लोग वर पक्ष का स्वागत करते है। वाग्दान होता है। लोक परम्परा के रूप में कन्या पक्ष को वर पक्ष के लोगों को वस्त्र, नारियल, जनेऊ आदि भेट दिये जाते है। लोक परम्परा में इस कार्यक्रम को पान सुपारी कहा जाता है। मंगल गीत "कहॉ वह उपजे हो चंदन मलागर कहां वन लक्ष्मण राम, कहां वन उपजे हो धियरी सीता देवी कहॉ वन हरी बंगला पान " गाये जाते हैं।

पान सुपारी के बाद शुभ मुहूर्त देखकर फलदान (सगाई) के कार्यक्रम तय किये जाते हैं फलदान में कन्या के परिवार वालों द्वारा वर के परिवार वालों को बुलाया जाता है। उनका स्वागत सत्कार होता है। वस्त्र, आभूषण, बर्तन आदि वस्तुएं दान के रूप में दी जाती है। गौरी–गणपति की पूजा की जाती है। कन्या के पाणिग्रहण की शुभ मुहूर्त निकाला जाता हैं कन्या पक्ष के लोग अपने परिवार वालों को भोजन कराते है। छत्तीसगढ़ी ब्राम्हण समाज में फलदान के दिन कन्या के घर पूरे परिवार वाले भोजन करते है। भोजन में सोहरी, बड़ा एवं खीर का बनना आवश्यक होता है। वर के परिवार वालों के लिए वस्त्र फल–फूल आदि सामान भेजे जाते है। परन्तु वर फलदान में कन्या के घर नहीं जाता। परन्तु आज ये लोक परम्परा क्षीण होती जा रही है। फलदान का स्थान रिंग सेरेमनी ने ले लिया है। वर पक्ष के लोग वर को साथ लेकर कन्या पक्ष के घर आते हैं। आज तो कन्या पक्ष के लोग भी घर में कार्यक्रम नहीं करते किसी होटल या धर्मशाला पर विवाह के लिए बने गृहशाला में ही कार्यक्रम रख देते है। वर– कन्या एक दूसरे को अंगूठी पहनाते है एवं सहभोज (बफे सिस्टम) होता हैं अध्ययन के दौरान प्राप्त जानकारी से मालूम हुआ कि आज शत–प्रतिशत ब्राम्हण परिवार में फलदान का स्थान रिंग

सेरेमनी ने ले लिया है। फलदान कार्यक्रम में भी मंगल गीत गाये जाते हैं ।

राजा जनक जी के एकेठन बिटिया उन्हुं के रचे हैं विवाह।
कहाँ वन भेजे बबा धोतिया नरियर, कहाँ वन लक्ष्मण, राम।।
अवधपुर में भेजए बबा नरियर धोतिया वहीं वन लक्ष्मण,राम।

लग्न मुहूर्त तय होने के बाद निश्चित तिथि को वैवाहिक कार्यकम शुरू होते है। मंडपाच्छादन के लिए गांव के सीमा में जाकर महिलाएं वृक्षों की पूजा करती हैं एवं पंच पल्लव, जामुन, आम, डूमर, गस्ती एवं बरगद से मंडप बनाने का रिवाज हैं। आंगन में 16 बांस गढ़ाकर मंडप बनाया जाता है। घर के बुजुर्ग दम्पत्ति या कन्या के माता पिता बांस पूजा करते हैं। बांस पूजा के दौरान गृह देवता, कुल देवता, पितृ देवताओं का आव्हान एवं पूजा किया जाता था क्योंकि विवाह को पवित्र धार्मिक संस्कार माना गया है। कापड़िया ने लिखा है कि "हिन्दू विवाह एक संस्कार है। इसे पवित्र माना जाता है क्योंकि संस्कार से संबंधित कई क्रियाएं पूर्ण करने के पश्चात ही हिन्दू विवाह को पूर्ण माना जाता है। 3

संध्या समय परिवार समाज के महिलाओं को बुलाया जाता है जिसे मुंड कोरने की प्रथा कहते है। नाईन सभी स्त्रियों को महावार लगाती है, सिर में तेल लगाती है। तत्पश्चात् रात्रि के समय सात सुहागिन स्त्रियों को बुलाकर लौकिक कार्य करते जैसे चकरी चलाना (अर्थात जतुली में उड़ददाल पीसी जाती है) गांव के सीमा में जाकर मिट्टी खोदने का कार्य करती जिसे चूल–माटी कहते है। कन्या की मां सात सुहागिनों को चांवल दान करती है जिन्हें आंजुली भरना कहते है। फिर धरती माता की पूजा करती है। साबर की पूजा करती हैं, सुहागिन जाकर मिट्टी खोदती है जिन्हे लड़की की मां अपने साडी के आंचल में झोकती है। इसी मिट्टी से चूल एवं उड़ददाल से पूजा का प्रथम बड़ा बनता है। उसके बाद स्त्रियां बढ़ई के घर जाती है जिससे मंगरोहन कहा जाता है गीत गाये जाते हैं। " अच्छे–अच्छे पलंग म छोलाववं रे बढ़ईया बीचे–बीचे पुतरी उसेसैव रे लाल, जेही म पैढैए समधीन राय राजा अलुरवा राजा दुलरवा समधीन आए न होए" । मंगरोहन को मंडप में रखा जाता है और पीढ़ा में बिठाकर वर–कन्या के हल्दी लगाया जाता है। पहले सात सुहागने तेल–हल्दी चढ़ाती है ऐसी मान्यता है कि कन्या को पच्चीस तेल'–हल्दी चढ़ाई जाती है क्योंकि यह पार्थिव शरीर पच्चीस तत्वों के योग से बना है। स्त्री को तेल–हल्दी चढ़ता है उतारना नहीं होता क्योंकि स्त्री को जीवन में केवल एक बार तेल–हल्दी चढ़ता है। दुबारा नहीं। लेकिन आज ये सब मान्यताएं समाप्त हो रही है क्योंकि आज विवाह केवल एक दिन का होता है। लोग अपना घर परिवार छोड़कर किराये के मंडपम् में जाते है और विवाह कार्य करते हैं।

दूसरे दिन देवतला की परम्परा है। देवतला के दिन हल्दी–तेल चढ़ता है पहले दिन पृथ्वी माता, एवं पितर देवता की पूजा की होती है दूसरे दिन देवतला के दिन ठाकुर देवता की एवं ग्राम देवता की पूजा होती है। घर परिवार के लोग पर्रा में हल्दी तेल, नारियल, धोतिया लेकर

गांव के बैगा जो ग्राम देवता का पूजा करता है के घर जाते है उनको नेग देकर ग्राम देवता की पूजा करते है उसी तेल हल्दी को कन्या को लगाया जाता है। तीसरे दिन हरिद्रालेपन एवं मातृका पूजन का कार्य होता है। घर परिवार की स्त्रियां मिलकर एक दूसरे को हल्दी लगाती है। कन्या के माता–पिता को वस्त्र देकर सम्मानित करती है जिसे चिकट का कार्यक्रम कहा जाता हैं तत्पश्चात कन्या के माता –पिता चौसठ पोरही से सोला बांस के पास जाकर–जाकर पूजा करती है। इस कार्यकम को मातृका पूजन कहा जाता हैं घर की ज्येष्ठ महिला कुल देवता के लिए उड़द दाल एवं गेंहू तथा गुड़ को मिलाकर प्रसाद बनाती है उड़ददाल वही होता है जिसे प्रथम दिन सुहागिन चकरी चलाकर निकालती है। बड़ा एवं खुरमी कहा जाता हैं। पूजा के बाद सफेद कपड़े में लपेट कर पितरों का आवाहन किया जाता है जिसे कुल देवी के प्रतीक चिन्ह लिखे जाते है उन प्रतीक चिन्ह के पास उस प्रसाद को ढंककर रख दिया जाता है और वहां पर अखंड दीप प्रज्जवलित किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि अखण्ड दीप प्रज्जवलित करने से कुल देवी कन्या का सुहाग अखंड रखेगी। आज वह सब परम्परा भी लुप्त होते जा रहे है। समयाभाव एवं एक ही दिन में विवाह होने के कारण से सब परम्पराएं केवल नाममात्र के लिए रह गये है।

चतुर्थ दिन बारात आगमन होता है बरातियों के स्वागत को छत्तीसगढ़ी में परगहनी कहा जाता हैं समधी भेंट होता है। वर से बड़े जैसे पिता, भाई चाचा, मामा आदि को समधी भोज दिया जाता है। समधी के लिए जो भोजन निकाला जाता है उसे पनवार कहा जाता है पनवार में दाल, चांवल, शक्कर, बालूसाही आदि पकवान सजाय जाते है। शेष बराती को कच्चा भोजन अर्थात हल्का भोजन अर्थात सोहारी,सब्जी, मीठा (साग, लड्डू,) आदि दिये जाते है गीला भोजन अर्थात् दाल–चांवल नहीं परोसा जाता था। महिलाएं मंगल कारी गीत गाती थी जैसे –

1 रिग विग पतरी चकमक दोनवा कुंद करिल कई बाते अलबेला ओ समधी छिंदरी".. चौकी ल कहां हजाए।

2. भात परोसे बर निकले समधीन ओ छिंदरी तिलरी अरज ऐ कि नकबेसर अरज गे झिनी पागा अलुरवा समधी, राजा दुलरवा समधी .....
3. फिटिंग अंजोरिया के रात हलावत दारी आई गईन ओकर जुतिया म बांधे जांवर तिलरी हलावत दारी आई न गाइने"

प्रातःकाल कन्या की सुहाग दान का कार्य शुरू होता है। छत्तीसगढ़ में सौभाग्य काक्षिणी कन्या को जो सुहाग दिये जाते है उनमें चोरनी सुहाग मुहूर्त दिन के प्रथम प्रहर (लगभग 4 से 6 बजे) जो उसे चोरनी सुहाग कहते हैं, जो घर की सुहागिन महिलाओं के द्वारा दिया जाता है उसे सुवासिन सुहाग कहा जाता है। बरेठिन सुहाग जो गांव की धोबी समाज की महिला द्वारा दिया जाता है उसे बरेठिन सुहाग कहते हैं। कोहारिन सुहाग – जो गांव के कुम्हार समाज की महिला द्वारा किया जाता है, अंतिम देवी सुहाग जो मंदिर में जाकर देवी से लिया जाता है। सुहाग की ये लोक परम्पराएं गांव की सामाजिक समरसता का प्रतीक है किसी भी कन्या का सुहाग तब तक अमर नहीं होगा जब तक घर की सुहागिन महिलाएं धोबी सुहाग एवं कुम्हारी सुहाग नहीं दिये जायेंगे।

<u>सुहाग गीत गाए जाते है–</u>

आले बांस के डोलवा, चंदन बांस के डलिया,
खोजैव भइया बरेठिन के दुवार,
सुहागिन धियरी सुहाग मांगेए ओ।
सबैए के सुहाग भइया ऐसन–तइसन कुम्हारीन के सुहाग जनम एहवांत बाढ़ैए हो।

अंतिम प्रकिया में वैदिक रीति से लग्न, मंडप, पाणिग्रहण सप्तपदी के रूप में विवाह कार्य सम्पन्न होते है।

प्रस्तुत शोधपत्र में शोधकर्ता के द्वारा विवाह से संबंधित लोक परम्परा के उन पक्षों को उजागर करने के प्रयास किया गया जो आज के आपा धापी के जीवन में या तेजगति से जीवन जीने के प्रतिस्पर्धा में औद्योगिकरण एवं बजारीकरण के चकाचौध में पश्चिमी शिक्षा एवं सभ्यता के नकल में दम तोड़ रही है। सादा सरल सरस जीवन की रसभरी धारा से आप्लावित लोक परंपरा को जीवंत रखना, सामाजिक समरसता सांमाजिक एकता, निरंतरता के लिए अत्यंत आवश्यक एवं अनिवार्य है।

<u>संदर्भ ग्रंथ</u>

1 कपूर डॉ. प्रमिला 1976 कामकाजी भारतीय नारी, राजपाल एंड संस कश्मीरी गेट दिल्ली पृ. 114
2. काणे पी.वी. 1973 धर्मशास्त्र का इतिहास भाग–4, लखनउ
3. कापडिया के.एल 1973 भारत वर्ष में परिवार एवं विवाह, चौखम्भा विद्वा भवन दिली पृ. 168
4. गांव की बुजुर्ग महिलाओं से मिलकर लोक गीतों का संकलन
5. अवलोकन के द्वारा लोक परंपराओं का संकलन।

ISSN-0973-4201

MPHIN-18833/12/1/2004TC

समाज वैज्ञानिकी

अंक-29 (सितम्बर) वर्ष-25 2016

सम्पादक

डॉ. महेश शुक्ला

भारतीय समाज विज्ञान परिषद् की
हिन्दी शोध-पत्रिका

विषय-सूची

क्र०	नाम	अध्याय	पृ० सं०
1.	डॉ. सी.एम. मिश्र	200ई.पू. से 300 ई. के मध्य आंतरिक....	01-06
2.	डॉ (श्रीमती) प्रवीण सिंह बघेल	साक्षरता से ग्रामीण समाज-सुधार...	07-12
3.	डॉ. (श्रीमती) सविता गुप्ता एवं श्वेता त्रिवेदी	शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं.....	13-20
4.	डॉ. (श्रीमती) गीता गुलाटी	एकल एवं संयुक्त परिवार के किशोरों...	21-28
5.	डॉ. प्रवीणा ब्राडिया	परिवार की प्रकृति का किशोर की.....	29-37
6.	डॉ. अकबर खान	नगरीय युवाओं में बढ़ता मादक...	38-51
7.	डॉ.(श्रीमती) शाहेदा सिद्दीकी	आधुनिकीकरण का मुस्लिम महिलाओं....	52-61
8.	डॉ. (श्रीमती) नीतू पटेल	महिलाओं के विरूध्द होने वाले अपराध....	62-70
9.	डॉ. (श्रीमती) प्रीति पटेल	भारतीय दण्ड न्यायालय....	71-75
11.	डॉ. महेश शुक्ला एवं ज्योति त्रिपाठी	भारतीय लोकतंत्र की अवधारणा में अम्बेडकर.....	76-84
12.	डॉ. अन्जू शुक्ला एवं डॉ. स्वाती शर्मा	नारी के विरूध्द प्रताड़ना का समाजशास्त्रीय अध्ययन.....	85-91
10.	डॉ. बबिता गर्ग	सफल जीवन का मानक....	92-101

ATTESTED

PRINCIPAL
D.P. Vipra College
Bilaspur (C.G.)

PRINCIPAL
D.P. Vipra College
Bilaspur (C.G.)

महिला अपराध के विविध आयाम

डॉ. अंजू शुक्ला
एवं
डॉ. स्वाती शमा

सारांश

भारतीय समाज में स्त्री का स्थान बहुत सम्मानीय एवं वंदनीय है। माँ के रूप में नारी पूजनीय है। बहू के रुप में गृहलक्ष्मी है, परन्तु समाज के धरातल पर स्त्री की स्थिति का अवलोकन करें तो बहू के रूप में अधिकांश स्त्रियों की स्थिति दयनीय है। उपेक्षा एवं प्रताड़ना की शिकार नारी आज भी बहू की भूमिका में नारकीय जीवन जीने को विवश है। पारिवारिक शोषण जैसे मार-पीट, घर से बहिष्कार, उपेक्षा, माइके भेज देना, दहेज के लिए मारपीट, हत्या, ताने मारना, उलाहना देना, शारीरिक चोट पहुँचाना तथा सामाजिक शोषण जैसे भ्रूण हत्या, छेड़छाड़; सम्पत्ति में हिस्सा न देना आदि के रूप में नारी उत्पीड़ित है।

समाज वैज्ञानिकी सितम्बर,2016 अंक 29
ISSN 0973-4201
भारतीय समाज विज्ञान परिषद्

डॉ. चन्द्र सिंह चेतन के अनुसार - 'आज औरत की पहली पीड़ा है उनका जवानी में विधवा होना' उसकी दूसरी पीड़ा है बांझ रहना, तीसरी पीड़ा है बुरी आदतों का पति मिलना, चौथी पीड़ा है कपटी सास का मिलना, पाँचवी पीड़ा है, कलह वाला घर और छठी पीड़ा है पति का प्यार न मिलना।[1]

भारतीय समाज में बहू के रूप में नारी इन किसी न किसी पीड़ाओं से पीड़ित है। नारी उत्पीड़न के संबंध में बहुत अधिक शोध कार्य हो रहे हैं, लेख लिखे जा रहे हैं, कानून बन रहे हैं जैसे-

1. डॉ. ममता आहूजा, प्रो. आभा आहूजा, घरेलू हिंसा 'अधिकारों के प्रति जागरूकता', रीगल पब्लिकेशन, दिल्ली, 2010, घरेलू हिंसा का विशद वर्णन है।
2. चन्द्र सिंह चेतन, क्या अपराध है औरत होना, जयपुर 2009, औरतों के प्रति हो रहे समाज में अपराध का वर्णन है।
3. ज्ञानेन्द्र रावत, औरत अस्मिता और यथार्थ क्रांति बुक सेंटर, नई दिल्ली 2006 समाज में आज स्त्रियों की जो यथार्थ स्थिति से संबंधित लेखों का संकलन है।
4. प्रमिला कपूर, कामकाजी भारतीय नारी, राजपाल एण्ड संस, दिल्ली 1975 कामकाजी महिलाआं की समस्याओं का वर्णन है।
5. रमा सिंह, शिक्षित हिन्दू महिलाएँ एवं धर्म, वी.आर. पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, 1989.
6. आशारानी व्होरा, भारतीय नारी अस्मिता और अधिकार, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली 2009.
7. डॉ. निशांत सिंह, अपराध बनाम महिलाएँ, खुशी पब्लिकेशन, गाजियाबाद, नई दिल्ली 2011.
8. डॉ. एम. अंसारी, नारी चेतना और अपराध, पंचशील प्रकाशन, जयपुर-2005.
9. डॉ. रेणु त्रिपाठी एवं डॉ. अर्पणा त्रिपाठी, स्त्री शिक्षा एक मूल्यांकन, खुशी पब्लिकेशन, गाजियाबाद 2011 आदि.
10. मनीष कुमार, भारतीय नारी, कल आज और कल, ग्रेसी बुक्स, आजाद नगर, दिल्ली-2009.

साथ ही 1856 विधवा पुनर्विवाह अधिनियम 1954, हिन्दू विशेष विवाह अधिनियम 1937 हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, घरेलू हिंसा से बचाव 2005, संविधान में समानता का मूल अधिकार, महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला सहायता प्रकोष्ठ, परिवार परामर्श केन्द्र आदि। परन्तु आज भी निरंतर बहू के रूप में नारी प्रताड़ित हो रही है। इन्हीं तथ्यों को ध्यान में रखकर शोधकर्ता द्वारा प्रस्तुत शोध लेख को लिखने का प्रयास किया गया है।

प्रस्तुत शोध पत्र का उद्देश्य निम्नांकित बिन्दुओं पर आधारित है-

1. पारिवारिक सदस्यों जैसे सास, ननद, देवर, जेठानी, जेट के द्वारा प्रताड़ना का अध्ययन.
2. दहेज के रूप में प्रताड़ना का अध्ययन.
3. पति के प्यार न पाने संबंधी प्रताड़ना का अध्ययन।
4. शराबी तथा नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले पति द्वारा प्रताड़ना का अध्ययन.
5. विवाह के बाद निःसंतान होने के कारण बांझ के रूप में प्रताड़ना का अध्ययन.
6. कन्या भ्रूण हत्या के शिकार बहू के रूप में प्रताड़ना का अध्ययन.

अध्ययन के लिये बिलासपुर जिला का चयन किया गया है। जिला के नगोई, बैमा, बिरकोना, सेंदरी, रतनपुर, रानीगांव, मस्तूरी, लोहर्सी, मल्हार, पंधी, देवरी, रॉक, सीपत, खम्हरिया, अमोरा, जरहागांव, रामबोड़, पकरिया, बाम्हू, सरगांव, गनियारी, करगीकला, कोटा, र्दजा, बीजा, सइदा इन 25 गाँवों से 4-4 इकाईयों का चयन किया गया है। इकाईयों का चयन सुविधापूर्ण निदर्शन द्वारा किया गया है। अध्ययन संबंधी तत्वों के संकलन के लिए साक्षात्कार अनुसूची एवं साक्षात्कार निर्देशिका का सहारा लिया गया है। समय-समय पर अवलोकन के साथ-साथ अनौपचारिक वार्तालाप का भी सहारा लिया गया है।

अध्ययन से प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर पता चलता है कि आज भी बहू के रूप में नारी निरंतर प्रताड़ित है।

सास, ननद, देवर, जेठ-जेठानी आदि रिश्तेदारों के द्वारा प्रताड़ित बहू के रूप में नारी का विवरण प्रदर्शित है।

तालिका क्रमांक-1

ससुराल के रिश्तेदारों द्वारा प्रताड़ित होना

क्रं०	अभिमत	सास-ससुर		ननद-देवर		जेठ-जेठानी	
		आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	हाँ	60	60	75	75	85	85
2.	नहीं	40	40	25	25	15	15
	योग -	100	100	100	100	100	100

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि अधिकांश उत्तरदाताओं ने बताया कि वे बहू के रूप में प्रताड़ित हैं। 60% उत्तरदाताओं ने सास-ससुर से प्रताड़ित होना बताया, 75% उत्तरदाताओं ने ननद-देवर से प्रताड़ित होना बताया और 85% उत्तरदाताओं ने बताया कि वे जेठ-जेठानी से प्रताड़ित हैं अर्थात भारतीय समाज में बहू सास-ससुर के व्यवहार से पीड़ित रहती है। ननद-देवर के व्यवहार में कड़ुवाहट और बढ़ जाती है जबकि जेठ-जेठानी के साथ संध और अधिक कटु होते हैं। परन्तु बहू के रूप में नारी को ससुराल के सदस्यों से मारपीट, ताना, उलाहना, उपेक्षा, मानसिक शोषण जैसे व्यवहार को सहन करना पड़ता है।

डॉ. रमा शर्मा एवं एस.के. मिश्रा ने बहू के रूप में स्त्री की भूमिका के संबंध में लिखा है "बहू नारी जीवन की वह भूमिका है जो बड़ी निरीह मानी जाती है। यद्यपि वह गृहस्वामिनी के हक की उम्मीदवार होती है। गृह लक्ष्मी के रूप में उसका स्वागत होता है। वह वंश वृध्दि की पर्याय होती है और घर की खुशहाली होती है।[2]

परन्तु बहू के रूप में आज्ञाकारी, सहृदय और साहसी, उदार नारी की नियति में सूर्यास्त के पहले सबसे पहले सोकर उठना और सब काम को करना, बचे हुये भोजन को घर के सभी सदस्यों के साथ लेने के बाद खाना और दिन भर कोल्हू के बैल की तरह रसोई में चलना उसकी नियति होती है। दहेज प्रताड़ना के रूप में तो भारत में नारी की स्थिति भयावह है। प्रति 102 मिनट में दहेज, हत्या होती है। 10000 स्त्रियाँ प्रतिवर्ष दहेज की बलि **वेदी** पर चढ़ जाती हैं।

डॉ. ममता आहूजा के अनुसार - भारतीय महिलाओं के लिए सबसे बड़ा अभिशाप है दहेज प्रथा, इसके कारण प्रतिदिन अनेक महिलाओं को प्रताड़ना मिलती है और कई बार मौत तक हो जाती है। तदोपरांत यह सत्य है कि समाज में दहेज प्रथा फैशन या मजबूरी के कारण बरकरार है क्योंकि कुछ शिक्षित लड़कियां इनका विरोध करती है तो कुछ सशक्त समर्थन भी करती है।[3] दहेज संबंधी प्रताड़ना के संबंध में अधिकांश उत्तरदाताओं ने बताया कि वे दहेज प्रताड़ना के शिकार हैं।

तालिका क्रमांक-2

दहेज प्रताड़ना के शिकार संबंधी अभिमत

क्रं	अभिमत	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	हाँ	72	72
2.	नहीं	28	28
	योग -	100	100

दहेज प्रताड़ना के रूप में बहुओं के साथ मार-पीट, ताना, उलाहना, हत्या के प्रयास, मायके में छोड़ देना, भूखा प्यासा रखना, दैनिक आवश्यकता की पूर्ति न करना, उपेक्षा करना आदि के रूप में दिया जाता है।

कुछ अध्ययन से पता चलता है कि पति द्वारा पत्नी को आदर सम्मान नहीं मिलता। पति-पत्नी को प्रेम नहीं करता। यदि पति शराबी, बदचलन या नशीले पदार्थों का सेवन करता है तब परिवार में बहू की स्थिति अत्यंत दयनीय हो जाती है। **डॉ. ममता आहूजा** का मानना है कि लगभग 60% महिलाएं पारिवारिक हिंसा के कारण आत्म हत्याएं करती हैं। 20% महिला, मानसिक तनाव के कारण पागल हो जाती हैं या दर-दर की ठोकर खाने के लिए घर से निकालकर तीर्थ स्थान पर छोड़ दी जाती है। 10% महिलाएं किसी गंभीर रोग की शिकार हो जाती है।[4]

तालिका क्रमांक-3

पति द्वारा प्रताड़ित नारी की परिवार में स्थिति

क्रं	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	अच्छा	0	0
2.	सामान्य	20	20
3.	खराब	35	35
4.	बहुत खराब	45	45
	योग -	100	100

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि पति द्वारा प्रताड़ित स्त्रियों के संबंध में पता चला कि अधिकांश 80% स्त्रियों की स्थिति खराब एवं बहुत खराब है। अच्छी स्थिति तो किसी की नहीं है। पति द्वारा मारपीट, आग से जलाना, गाली-गलौज, उपेक्षा, मायके से पैसा लाने के लिए कहना, हत्या की कोशिश करना, खर्च के लिए पैसा नहीं देना, मजदूरी के लिए विवश करना जैसे पशुतापूर्ण व्यवहार किये जाते हैं।

यदि विवाहोपरान्त स्त्री विधवा हो गई है तब तो विधवा बहू कीं स्थिति और भी भयावह हो जाती है। घर के चार दीवारी में अपना कहने के लिए कोई बचता ही नहीं डायन, कुल्टा, कलमुंही, अशुभ, अमंगली जैसे विशेषण से विभूषित होकर जीवन जीने के लिये बाध्य हो जाती है। मारपीट, यौन शोषण, उपेक्षा, भूखी-प्यासी रहना, ताना, उलाहना की शिकार बहू बार-बार मरती है। लगभगत शत प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि विधवा बहू का जीवन ससुराल में नारकीय है। विधवा बहू से अभिशप्त जैसा

व्यवहार किया जाता है। उनके परिवार जन ही उनसे किनारा कर लेते है। **मनीष कुमार** के अनुसार-विधवाओं के लिए बनी अचार संहिता जैसे सफेद कपड़े पहनकर नंगे पांव रहना, मांगलिक कार्यों से दूर रखना, शृंगार न करना, सिर मुड़ाना या छोटे-छोटे बाल रखना आदि को आज भी समाज में मान्यता मिली हुई है, जिसे स्त्रियों से जबरन पालन कराया जाता है। अधिकांश परिवार में स्त्रियों को मोक्ष के नाम पर मथुरा, वृंदावन काशी जैसे तीर्थ स्थानों पर छोड़ देते हैं।[5]

संतान विहीन बहू की स्थिति भी समाज में बदतर है। शत-प्रतिशत उत्तरदाता मानती है कि निःसंतान बहू को ससुराल में कोई पसंद नहीं करता है। मारपीट, शारीरिक, मानसिक उत्पीड़न, तलाक, पति द्वारा दूसरा विवाह करना, साधारण सी बात है। बांझ स्त्री की पीड़ा तो पत्थर के जीवन से भी दुःखदायी है। बांझ स्त्री के रूप में प्रताड़ित बहू लोक गीतों में कहती है।

तिन्ह कुँ पाईतन बबा घोटी घांटी पितेन

बिटीया जनम झनी लेते हों।

बिटीया के जन्म बबा बड़ दुख लागते,

बेटवा के बड़है परिवार हो।

यदि बहू विवाह के बाद लड़का पैदा नहीं कर सकती, केवल लड़की ही पैदा होती है, तब तो तुरंत ससुराल वालों का व्यवहार क्रूरता में बदल जाता है। ज्ञानेन्द्र रावत के अनुसार-पुरूषों की तुलना में लगातार कम होती औरतों की संख्या से कहीं ज्यादा चिंता का विषय उनके प्रति बरती जाने वाली निर्दयी मानसिकता हैं। सभी तरह के विकास के बाद भी अभी तक लोगों के दिमाग से यह बात नहीं निकल पा रही है कि संस्कृति और पारिवारिक विकास के लिए एक मात्र पुत्र ही मुख्य साधन है।

कन्या भ्रूण हत्या के निर्मम तथा क्रूरतापूर्ण व्यवहार से बहू को गुजरना पड़ता है। अपनी ही ममता की हत्या करने को विवश होती हैं। अपनी ही प्रजाति को समाप्त करने को तैयार हो जाती हैं। विश्व के लगभग सभी धर्मों में कन्या भ्रूण हत्या को पाप माना गया है। परन्तु आज ससुराल वालों द्वारा निरीह प्राणी के रूप में जीने वाली बहू का लिंग परीक्षण एवं गर्भपात आम बात हो गई है। इस जघन्य अपराध का कारण है हमारी दकियानूसी पारिवारिक सोच, अंधविश्वास, समाज में बहू का दोयम दर्जा।

इस प्रकार अध्ययन से स्पष्ट है कि आज भी हमारे परिवार-समाज में स्त्री बहू के रूप में प्रताड़ित है, दुःखी है। शोध और सर्वेक्षण से स्पष्ट हो रहा है कि दुनिया भर में जितने प्रताड़ना हो रहे हैं उनमें अधिकांश महिलाओं के विरूध्द हो रहा है। उनमें भी विवाहोपरान्त छोटी-छोटी मासूम बहुएँ सबसे अधिक

प्रताड़ित होती हैं। हत्या, मारपीट, यौन शोषण, घरेलू हिंसा, छेड़खानी, दहेज, तलाक, घर से निर्वासन, गाली-गलौज, ताना, उलाहना और बलात्कार जैसे अपराध की शिकार हो रही हैं।

ऐसे भयानक स्थिति के लिए समाज को आगे आना होगा। स्त्री को बहू के रूप में सम्मानित करना होगा, तभी समाज को विकास होगा। बहू के रूप में स्त्री की स्थिति में सुधार के लिए शोधकर्ता द्वारा कुछ सुझाव दिये गये हैं।

1. माता-पिता द्वारा बेटी को पूर्ण शिक्षित करने के बाद विवाह किया जाये.
2. बेटी के रोजगार के प्रति माता-पिता सतर्क रहें।
3. पुत्री जन्म को अभिशाप नहीं, वरदान माना जाये.
4. लिंग परीक्षण पूर्णरूप से बंद किया जाये.
5. ससुराल की सम्पत्ति में बहू को बेटों के बराबर सम्पत्ति में अधिकार दिया जाये.
6. सरकार द्वारा गरीब, निराश्रित लड़कियों के पुनर्वास के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाये.
7. विवाह में वर चयन की पुत्री को छूट दिया जाये.
8. परिवार, समाज, राष्ट्र को लड़की के स्थान को लेकर अपना नजरिया बदलना होगा. स्त्री को उसका सम्मान लौटाना होगा. माँ, बहन, पत्नी, बहू के रूप में स्त्री को उसका अधिकार दिलाना होगा.

संदर्भग्रंथ सूची-

1. सिंह चेतन चन्द्र (2009) : क्या अपराध है औरत होना, ग्रंथ विकास, सी-37, राजा पार्क, आदर्श नगर, जयपुर.
2. शर्मा, डॉ. रमा एवं मिश्रा, एस.के. (2010) : नारी शोषण, औरतें और समाज, अर्जुन पब्लिशिंग हाऊस, दिल्ली.
3. डॉ. ममता आहूजा, प्रो. आभा आहूजा (2010) : अधिकारों के प्रति जागरूकता, रीगल पब्लिकेशन, दिल्ली-2010
4. डॉ. ममता आहूजा, प्रो. आभा आहूजा (2010) : अधिकारों के प्रति जागरूकता, रीगल पब्लिकेशन, दिल्ली-2010
5. तिवारी, मनीष कुमार (2009) : कल, आज और कल, ग्रेसी बुक्स, आजाद नगर, दिल्ली.
6. रावत, ज्ञानेन्द्र (2006) : औरत अस्मिता और यथार्थ, क्रांति बुक सेंटर, नई दिल्ली.

लेखक सम्पर्क-समाजशास्त्र विभाग डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

ATTESTED
PRINCIPAL
D.P. Vipra College
Bilaspur (C.G.)

PRINCIPAL
D.P. Vipra College
Bilaspur (C.G.)

ISSN 2278-3911

SHODH-PRAKALP

A Peer Reviewed Quarterly Research Journal
Special issue for Seminar Paper (2016)

शोध–प्रकल्प

त्रैमासिक रिसर्च जर्नल
सेमीनार विशेषांक

पर्यावरणीय मुद्दे

ENVIRONMENT : IT'S ISSUES

छत्तीसगढ़ से श्रमिकों का पलायन : समस्यायें एवं निदान

MIGRANT WORKER'S FROM CHHATTIGARH : PROBLEM AND SOLUTION

संपादक
डॉ. श्रीमती दुर्गा बाजपेयी
प्रो. भुवन सिंह राज

सह–संपादक
प्रो. एल. के. निराला
डॉ. श्रीमती सुजाता सैमुअल
प्रो. नवीन कुमार रेलवानी

शासकीय पातालेश्वर महाविद्यालय मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)

ISSN-2278-3911

अनुक्रम

1	Study of Ground Water Quality for its Potability in Dabhara Tehsil of Janjgir-Champa Distt. (Chhattisgarh) India	Rai R. K. 1, Raj B. S. 2	- 04
2.	पर्यावरण एवं इसकी समस्यायें	एल. के. निराला, नवीनकुमार रेलवानी	- 08
3.	पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता एवं महत्व	डॉ. राजीव शर्मा,डॉ. (श्रीमती) मीना शर्मा	- 12
4	PHYSICO-CHEMICAL ANALYSIS OF GROUND WATER AND SURFACE WATER DEVARIKHURD AREA BILASPUR DISTRICT, (C.G.) INDIA	Archana Tiwari1 Dr. Reena Nashine2	- 14
5	Causes and Consequences of Bio-Diversity Loss	Smt.Seema Dhurvey 1 Bhuwan Singh Raj2	- 17
6	ENVIRONMENT AWARENESS AMONG UNDER GRADUATE STUDENT IN RULAR AREA	Anita Pandey1 S.R. Mahendra2	- 23
7.	Comparative analysis of oxidation reduction potential In two major ponds located in Bilaspur city in Chhattisgarh	Dr Renu Nayar	- 27
8	बढ़ती जनसंख्या और पर्यावरण	देवेन्द्र कुमार सिंह	- 31
9.	पर्यावरण और सामाजिक एवं राजनीतिक समस्याएं	डॉ.(श्रीमती) सुजाता सैमुएल डॉ.(सुश्री) सपना कॉर	- 33
10.	पर्यावरण एवं इसका संरक्षण	श्रीमती भवानी नागावेल्ली, श्री संदीप कुमार टण्डन श्री मुरा राम गोटा	- 35
11.	पर्यावरणीय संतुलन में वनों का योगदान (छत्तीसगढ़ राज्य के विशेष संदर्भ में)	डॉ. शरद कुमार देवांगन	- 39
12.	जलवायु परिवर्तन से भूमण्डलीय तापन (ग्लोबल वार्मिंग) एवं पर्यावरणीय अवनयन: एक तथ्यात्मक विश्लेषण"	डॉ.श्रीमती संगीता शुक्ला ,डॉ. दीपक शुक्ला	- 44
13.	INFORMATION TECHNOLOGY AND ENVIRONMENT	Dr. MANJU BANERJEE	- 47
14.	Morality and environment	Dr. Usha singh	- 49
15.	" छत्तीसगढ़ से श्रमिकों का पलायन: समस्यायें एवं निदान"	डॉ.(श्रीमती) दुर्गा बाजपेयी, डॉ.(श्रीमती) शारदा दुबे	- 51
16.	छत्तीसगढ़ से ग्रामीण विकास में पलायन का प्रभाव (रायगढ़ जिले के संदर्भ में)	डॉ.पवन कुमार अग्रवाल	- 54
17.	श्रमिकों का पलायन	डॉ. (श्रीमती) एस.एन. लदेर, डॉ. (श्रीमती) एम.आर. सिंग	- 56
18	" छत्तीसगढ़ से श्रमिकों का पलायन: समस्यायें एवं निदान" पलायन की समस्या के समाधान हेतु सुझाव	डॉ. ऋचा यादव	- 58
19.	छत्तीसगढ़ में श्रमिक पलायन की समस्या	पूजा शर्मा	- 61
20.	कृषि श्रमिकों के पलायन को रोकने के सरकारी प्रयास का प्रभाव मुंगेली जिले के विशेष संदर्भ में	डॉ.सुजाता सेम्युएल	- 64
21.	कृषि श्रमिकों के पलायन के सामाजिक -आर्थिक प्रभाव (दुर्ग जिले के पाटन विकासखंड़ के विशेष संदर्भ में)	डॉ. सपना कॉर	- 66
22.	श्रमिकों का पलायन: शिक्षा में बाधक	डॉ.(श्रीमती) सुभद्रा साहू	- 69
23.	छत्तीसगढ़ से श्रमिकों के पलायन के कारण: ग्राम पेण्ड्री के संदर्भ में	श्रीमती सीमा जायसी	- 70
24.	" नगरीकरण एवं श्रमिकों का पलायन: समस्या एवं निदान"	डॉ. स्मृतिरानी प्रकाश	- 72
25.	छत्तीसगढ़ से श्रमिकों के पलायन के कारण	डॉ. तारणीश गौतम,डॉ. बी.के. डहरिया	- 73
26.	श्रमिक पलायन के सामाजिक एवं आर्थिक प्रभाव	डॉ.आभा तिवारी, डॉ. एम. एस. तम्बोली	- 76
27.	छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र से श्रमिकों का पलायन	डॉ. अंजू शुक्ला, डॉ. स्वाती शर्मा	- 79
28.	" छत्तीसगढ़ से श्रमिकों का पलायन: समस्यायें एवं निदान"	डॉ. (श्रीमती) राजेश चतुर्वेदी	- 82
29.	जलवायु परिवर्तन से भूमण्डलीय तापन (ग्लोबल वार्मिंग) एवं पर्यावरणीय अवनयन :एक तथ्यात्म विश्लेषण	डॉ. श्रीमती संगीता शुक्ला डॉ. दीपक शुक्ला	- 85
30.	हमारा पर्यावरण	डॉ. श्रीमती शिवनी साहा	- 88

• • •

ISSN-2278-3911

ATTESTED
PRINCIPAL
D.P. Vipra College
Bilaspur (C.G.)

छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र से श्रमिकों का पलायन

डॉ. अंजू शुक्ला
सहायक प्राध्यापक-समाजशास्त्र, डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर
डॉ. स्वाती शर्मा
सहायक प्राध्यापक-समाजशास्त्र, डी.एल.एस. महाविद्यालय, बिलासपुर

भारतीय ग्राम्य व्यवस्था अतीत में सत्ता-सम्पन्न, आत्मनिर्भर, बन्धुत्व के भाव में बंधा हुआ स्वशासन के रूप में संगठित था। ग्राम पंचायत व्यवस्था के अंतर्गत जजमानी व्यवस्था, नातेदारी व्यवस्था के कारण ग्राम्य संस्कृति अपराध से कोसों दूर तथा एकता के सूत्र में आबद्ध थे।

भारतीय ग्रामीणों में अपने खेत-खलिहान, भूमि, मकान, मवेशी को लेकर आत्मीयता का भाव होता है। सामुदायिकता की भावना से ग्राम जीवन जुड़ा होता है। परन्तु कालांतर में ग्राम्य व्यवस्था अंग्रेजी सत्ता के सामने अपना वजूद खोने लगा। स्वशासित ग्राम्य व्यव्सथा बिखर गई। आज गांवों की घटती जनसंख्या, घटता रोजगार, अशिक्षा, मंहगाई, बेरोजगारी, भूखमरी, निर्धनता, ऋण ग्रस्तता एक भयंकर समस्या के रूप में उभर रही है। इन्हीं समस्याओं का भयावह परिणाम है ग्रामों से श्रमिकों का पलायन। ग्रामों से श्रमिकों का पलायन एक भयंकर सामाजिक समस्या का रूप धारण कर रहा है। अत: इस क्षेत्र में समाजशास्त्रियों का ध्यानाकर्षण आवश्यक है। इन्हीं तथ्यों को ध्यान में रखकर शोधकर्ता द्वारा शोध आलेखन का प्रयास किया गया है।

छत्तीसगढ़ से लगातार सैकड़ों, हजारों परिवार जीविका पालन के लिये देश के विभिन्न प्रान्तों में जाते हैं। सबसे ज्यादा पलायन महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा, जम्मू-काश्मीर, दिल्ली जैसे राज्यों की तरफ होता है। छत्तीसगढ़ राज्य में 70 प्रतिशत लोगों की जीविका का प्रमुख साधन कृषि है। उनका प्रमुख व्यवसाय कृषि है। छत्तीसगढ़ राज्य में कुल घरेलू उत्पादन में कृषि की भागीदारी 13.25 प्रतिशत है। छत्तीसगढ़ राज्य में कुल घरेलू उत्पादन में कृषि की भागीदारी में लगातार कमी चिंतनीय विषय बन गया है। गांधीजी ग्राम स्वराज की बात करते थे। 'हरिजन' में उनका लेख है -''स्वराज की मेरी कल्पना है कि प्रत्येक गांव स्वतंत्र व आत्मनिर्भर गणराज्य हो और केवल उन्हीं मामलों में दूसरे गांव, दूसरे इलाकों पर निर्भर रहें, जिसमें वह वह निर्भरता अनिवार्य हो, बाकी शेष आवश्यक वस्तुओं के बारे में वे आत्मनिर्भर हों।''

परन्तु वर्तमान में ग्रामों की स्थिति बिल्कुल ही अलग है। गांव से नगरों की ओर पलायन निरंतर जारी है। भारत सरकार के जनगणना के अनुसार भारत में वर्ष 1991 से 2001 के बीच देश की लगभग 30 प्रतिशत जनसंख्या ने अपना घर छोड़कर नगर की तरफपलायन किया।

अध्ययन के लिए जो श्रमिक पलायन करते हैं उन्हें पांच स्तरों पर बांटा गया है -

1. **स्थायी पलायन** - जब श्रमिक अच्छी आजीविका निर्वहन के लिये अपने मूल निवास स्थान को छोड़कर दूसरे स्थान पर जाकर बस जाता है उसे स्थायी पलायन कहते हैं, कोरबा, चिरमिरी, धनबाद जैसे कोयला खदानों में काम करने के लिये कुछ परिवार वहीं स्थायी रूप से बस गए।
2. **अस्थायी पलायन** - बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के लिए, खाली समय में रोजगार के लिए जब श्रमिक बाहर राज्य जाते हैं, उसे अस्थायी पलायन कहते हैं।
3. **निश्चित अवधि के लिए पलायन** - जब व्यक्ति निश्चित अवधि के लिए अपना मूल निवास स्थान छोड़कर बाहर काम के लिए या मजदूरी के लिए या ठेकेदारों के साथ अनुबंधित रूप में जाता है, उसे निश्चित अवधि के लिए पलायन कहते हैं।
4. **मौसमी पलायन** - जब श्रमिक गांव में खेती-बाड़ी का काम निपटाकर खाली समय में जब खेती का काम नहीं होता, शहरों में काम के लिए जाते हैं, उसे मौसमी पलायन कहते हैं।
5. **दैनिक पलायन** - जब गांव से मजदूर प्रतिदिन काम की तलाश में शहर आते हैं और रात्रिकालीन विश्राम अपने गांव में करते हैं, उसे दैनिक पलायन कहते हैं।

अध्ययन के लिये सुविधापूर्ण निदर्शन प्रणाली का प्रयोग किया गया है। अध्ययन के लिए जांजगीर-चांपा जिले के 10 गांव जमड़ी, पेन्ड्री, डोमाडीह, हरदीडीह, आमापाली, घिवरा, नगारीडीह, करही,

परसदा, चिस्दा गावों से 5-5 परिवार का चयन किया गया है। तथ्य संकलन के लिए साक्षात्कार निर्देशिका का प्रयोग किया गया है। औपचारिक वार्तालाप का भी सहारा लिया गया है।

अध्ययन से प्राप्त जानकारी से स्पष्ट है कि इन ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन की स्थिति निमनलिखित आंकड़ों से स्पष्ट है।

पलायन की स्थिति

क्र.	अभिमत	आवृत्ति	प्रतिशत
1	स्थायी पलायन	04	8
2	अस्थायी पलायन	10	20
3	निश्चित अवधि पलायन	12	24
4	मौसमी पलायन	15	30
5	दैनिक पलायन	09	18
	योग	50	100

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षत्रों में पलायन करने वालों में सभी प्रकार के श्रमिक शामिल हैं। 8 प्रतिशत श्रमिक स्थायी वर्ग में, 20 प्रतिशत अस्थायी वर्ग में, 24 प्रतिशत निश्चित अवधि के लिये जाने वाले में, 30 प्रतिशत मौसमी पलायन वर्ग में तथा 18 प्रतिशत दैनिक वर्ग में आते हैं।

इन श्रमिकों से लिये गये जानकारी के आधार पर पता चला है कि पलायन के कुछ प्रमुख कारण हैं। बंटवारे के कारण बहुत कम जमीन पर परिवार का जीविकोपार्जन संभव नहीं है, परिणामत: काम की तलाश में पलायन आवश्यक है। गांवों में कृषि संबंधी अत्याधुनिक उपकरण की कमी के कारण पर्याप्त उत्पादन नहीं हो पाता, अत: समस्याओं से निपटने के लिए अन्य स्थानों में काम की तलाश के लिए बाहर जाना पड़ता है। गांव में मजदूरी की दर कम है, साथ ही काम का भी अभाव है अत: चौमासा खेती-बाड़ी का कार्य खत्म करने के बाद श्रमिक वर्ग दूसरे जगह जीविकोपार्जन के लिए पलायन करते हैं। आज ग्रामीण उद्योग पूरी तरह उप्प हैं। मंहगाई, कुटीर उद्योग की कमी, बेरोजगारी के कारण ग्रामीण ऋण ग्रस्तता का शिकार हो जाते हैं। परिणामस्वरूप छोटे-छोटे कृषक, मजदूर शहर की तरफ काम की तलाश में पलायन करते हैं। कृषि की गिरती दशा के कारण एवं कृषि से पूर्ण लाभ नहीं मिलने के कारण लोगों में कृषि के प्रति अरूचि भी पैदा हो रही है, अत: पलायन मजबूरी है। गांवों में सड़क परिवहन के साधनों का अभाव, स्कूल, उच्च शिक्षा का अभाव है इसलिए गरीब बच्चे पार्ट टाइम जांब कर पढ़ने के लिए शहर की ओर पलायन करते हैं। भूमिहीन श्रमिक या बटाई पर खेत लेकर खेत में काम करने वाले मजदूर किसान भी रोजी-रोटी की तलाश में रोज गांव से शहर आना-जाना करते हैं, ताकि उनके दैनिक आवश्यकता की पूर्ति हो सके। गांव में चूंकि काम का अभाव, उद्योग धंधे का अभाव होता है, साल भर काम नहीं मिलता इसलिए गावों से पलायन जारी रहता है। कृषि व्यवसाय अपने बेरोजगारी पर आधारित, साथ ही प्राकृतिक आपदा के कारण कृषि में नुकसान की भरपाई के लिए भी श्रमिकों को मजबूरन शहरों की तरफपलायन करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त सिकुड़ते ग्राम, संयुक्त परिवार का विघटन, नौकरी के प्रति रूचि, ग्रामीण दलबाजी, लड़ाई झगड़े जैसे अन्य कारणों के कारण भी श्रमिक गांव छोड़कर शहर की तरफपलायन करते हैं।

अध्ययन से यह भी जानकारी प्राप्त हुआ कि श्रमिक पलायन में मौसमी एवं दैनिक पलायन की स्थिति अधिक प्रभावी है। इस पलायन का ग्राम्य विकास पर पूर्ण प्रभाव पड़ता है। पलायन के कारण श्रमिक के मन में कृषि जो ग्रामीण आय का प्रमुख आधार है, उपेक्षा का भाव बढ़ रहा है। धान के अतिरिक्त दलहन जैसे अरहर, तिवरा, अलसी, सरसों, तिल, उड़द के उत्पादन के प्रति भी उपेक्षा बढ़ रहा है। ग्रामीण उद्योग धंधे करने वाले कारीगर, शिल्पकार, वास्तुकार, कुंभकार, वस्त्रकार, बढ़ई, लोहार, चर्मकार, तम्बोली, तेली, नाई, धोबी, ब्राम्हण (पूजापाठ), बनिया, सुनार के कार्य करने वाले परिवार परम्परागत व्यवसाय को छोड़कर पलायन करते हैं जिससे ग्रामीण उद्योग धंधा चौपट हो रहा है।

आत्म निर्भर एवं स्वावलंबनपूर्ण गांव की अवधारणा केवल काल्पनिक रह गई है। शहरी दुष्प्रभाव, नशा, शराब, धुम्रपान, जुआ, सट्टा जैसे अपराधों का प्रभाव बढ़ने लगा है। ग्रामीण संबंध में सहयोग के स्थान पर संघर्ष, लड़ाई-झगड़ा, दलगत राजनीति का प्रभाव बढ़ने लगा है। संयुक्त परिवार का विघटन, बड़े बूढ़ों का अनादर, उनके सेवा सत्कार के प्रति कमी, उनके प्रति असम्मान का भाव जैसे समस्याओं का जन्म होता है।

ग्रामीण क्षेत्र से श्रमिकों के पलायन रोकने के लिए शोधकर्ती द्वारा निम्नांकित सुझाव दिये जा रहे हैं -

1. ग्रामीण क्षेत्र में कृषि विकास को बढ़ावा दिया जाये। कृषि क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं जैसे कृषि क्षेत्र में पशुपालन के द्वारा दुग्ध व्यवसाय को बढ़ावा दिया जाये, कुक्कुट पालन, मत्स्यपालन जैसे व्यवसाय को बढ़ावा दिया जाये। कृषि के बाद मौसमी सब्जी एवं फल उत्पादन को बढ़ावा दिया जाये। जो बंजर भूमि है या जहां उत्पादन कम होता है ऐसे जमीनों को सुधार कर कृषि योग्य भूमि बनाया जाये।
2. गांव में छोटे-छोटे एवं कुटीर उद्योग धंधे को बढ़ावा दिया जाये। साबुन बनाना, चटाई बनाना, माचिस बनाना, रस्सी बनाना, टोकरी बनाना, सूती, रेशमी, कोसे के वस्त्र निर्माण, दूध से बने मिठाइयों का बंद पैकेट, फलों से तैयार जेल-जेली, बंद पैकेट, पापड़, बड़ी, बिजौरी, अचार बनाने जैसे उद्योग को बढ़ावा दिया जाये।
3. ग्रामीण हस्त कला एवं शिल्पकारों, दस्तकारों को संरक्षण प्रदान किया जाये। कालीन, लकड़ी के सामान, जूट के सामान, घरेलू उपयोग के सामान, खादी वस्त्र, खिलौने जैसे उद्योग धंधों को ग्राम पंचायत एवं एवं सरकारी संरक्षण प्राप्त हो।
4. इसके अतिरिक्त दलहन, तिलहन के उत्पादन को बढ़ावा मिले। तिलहन से तेल बनाना, चांवल की भूसी से तेल बनाना, खपरा बनाना, ईंटा बनाना जैसे व्यवसाय को बढ़ावा देकर गांव की बेरोजगारी दूर की जा सकती है।
5. गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गांव में स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, डाकघर, तारघर जैसे, बस स्टैण्ड, यातायात एवं परिवहन के साधनों को गांव में सरकार द्वारा सुविधापूर्ण ढंग से मुहैया कराया जाये, ताकि ग्रामीण श्रमिक इन सबके लिए शहर की तरफपलायन न करे।
6. छोटी-छोटी लड़ाई झगड़े, दंगा फसाद को निपटाने के लिए ग्रामीण स्तर पर ही ग्राम पंचायत, न्याय व्यवस्था की स्थापना हो। ग्रामीण जन, समाज, सरकार द्वारा समन्वित प्रयास करने से ही ग्रामीण क्षेत्र में श्रमिक पलायन रूक सकता है।

संदर्भ -

1. डॉ. अखिलेश शुक्ला एवं संध्या शुक्ला - "भारतीय समाज मुद्दे एवं समस्याएं, गायत्री पब्लिकेशन, रघुवंश सदन, शांति कुंज, रीवा, 2013.
2. देसाई, ए.आर. - सोशल बैकग्राउण्ड ऑफ इंडियन नेशनललिज्म, पापुलर प्रकाशन, बाम्बे, 1958.
3. योजना, जनवरी 2012.
4. कुरूक्षेत्र, फरवरी 2012.
5. जोशी, वाय. जी. - एग्रीकल्चरल जियोग्राफी ऑफ दी नर्मदा बेसिन, मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, 1972.
5. डॉ. अशोक डी. पाटिल - ग्रामीण एवं नगरीय समाजशास्त्र, मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 2012.

• • •

ISSN - 0973-1628

149

Issue - 149, Vol-XV (6), August - 2016

www.researchlink.co



15

Mob. 99930-51571

Dr. Oorja Ranjan Sinha

B - 8, Phase - 2,

Rajkishore Nagar. Opposite Om Royals.

Bilaspur (Chhattisgarh)

Bilaspur (Chhattisgarh)

8

~~153 / 148~~

An International Registered and Referred Monthly Journal

Impact Factor 2.782

व्यवसाय मानव द्वारा अपने जीविकोपार्जन के लिए किया जाने वाला उद्यम, पेशा या कार्य का प्रकार है। व्यवसाय से जनसंख्या संबंधी स्थिति का बोध होता है। इसके कार्यशील वर्ग के विभिन्न सांाकृतिक गुण विकसित होते है। जनजातियों में यह विशेष रुप से महत्वपूर्ण है क्योंकि उनकी सांस्कृति परम्पराओं का व्यक्ति द्वारा जीकवकोपार्जन हेतु किये जाने वाले प्रयासों पर विशेष प्रभाव पड़ता है सभी देशों में एक व्यक्ति का सामाजिक स्तर उसके व्यवसाय से ही प्राप्त होता है। जिसके द्वारा वह अपनी जीविकोपार्जन करता है । किसी भी क्षेत्र की जनसंख्या की व्यावसायिक संरचना कई कारणों की परिणति है। किन्तु इस क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधन व्यावसायिक संरचना के लिए आधार निर्मित करते है। इस प्रकार व्यावसायिक संरचना से किसी समाज के निवासियों का रहन-सहन एवं जीवन-यापन के स्तर का अनुमान लगाया जा सकता है। इनका आर्थिक, सामाजिक एवं धार्मिक ऐसी निरंतर रीति है जिन्हे अलग करके नही समझा जा सकता ये लोग अनेक तरीके व रीतियों से अपना भरण-पोषण करते है। गोड़ जनजाति का आर्थिक जीवन अति आदिम सा था। मुख्यतः यह जनजाति कृषि और अपना श्रम बेचकर अपनी जीविकोपार्जन करते है। ''बारी'' नामक खेती प्रमुख रुप से किया जाता है सरसों, साग-सब्जी व तम्बाकू आदि के खेती इनके द्वारा की जाती है इन वस्तुओं का ये स्वयं सेवन करते है तथा बाजार में विक्रय (बेचते) करते है।

''कोदो'' और ''कुटकी'' नामक धान की खेती भी ये लोग पर्याप्त मात्रा में करते है तथा इसका उपयोग प्रमुख भोजन के रुप में भी करते है। कृषि कार्य से अवकाश के समय जंगल से फलफूल, कंदमूल आदि एकत्रित कर अपनी जीविका अर्जन करने का प्रयत्न करते है। गोड़ प्रकृति से ही निर्भय होते है तथा शिकार करके भी अपना जीवन यापन करते है। कुछ गोड़ सूत काटने, बेत का काम, मिट्टी के बर्तन और धातु का काम भी करते है। पीपल और कोहला नामक पत्ती का ये लोग सब्जी के रुप में सेवन करते है।

कृषि रचना :-

कृषि जनजातिय अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। सुदुर अंचलों में बसी जनजातियों के लिए कृषि क्षेत्र का महत्व और अधिक इसलिए बढ़ जाता है क्योकि यह समाज प्रगति के क्षेत्रों से वर्षो तक अछूता रहा है। फलस्वरुप इन्हें अन्य क्षेत्रों में गतिशील होने के अवसरो का अभाव निरंतर बना रहा है। स्वतंत्रता के बाद शासन ने आदिवासी विकास परियोजनाओं के माध्यम से कृषि विकास हेतु सख्त कदम उठाये, फलस्वरुप इस समाज की कृषि संरचना में परिवर्तन परिलक्षित हुये है। किन्तु भिन्न-भिन्न जनजातियों में ये परिवर्तन समान नहीं है। साथ ही एक पीढ़ी पूर्व एवं वर्तमान की कृषि संरचना में काफी विभिन्नता है। पूर्व में परंपरागत तरीके से कृषि की जाती थी किंतु वर्तमान में आधुनिक तरीके से कृषि कार्य किया जाता है।

वनोपज संग्रहण :-

गोड़ जनजाति में वन संसाधन का महत्वपूर्ण स्थान है। वन संसाधन एवं आर्थिक व्यवस्था का अविभाज्य हिस्सा है। वनों से न केवल उन्हे भोजन, जलाऊ लकड़ी, आश्रय, औषधि, पशुओं के चारे प्राप्त होते है। वरन इससे भौतिक सुरक्षा व आत्मसंतोष मिलता है। किन्तु विगत वर्षो से वन विनाश से गोड़ जनजाति का प्रमुख संसाधन कमजोर हुआ है। वर्तमान में वनों की पारस्परिक स्वंतत्रता एवं अधिकार भी छीन गये है, उससे उनकी सामाजिक एवं आर्थिक व्यवस्था विकृत हुयी

डॉ. साधना सोम, सहायक प्राध्यापक - समाजशास्त्र, डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

ATTESTED
PRINCIPAL
D.P. Vipra College
Bilaspur (C.G.)

बौद्धिक पूंजी का विकास : शिक्षा

सार -

शिक्षा से लोग न केवल साक्षर होते हैं बल्कि उनमें किसी कार्य को अच्छे ढंग से करने के लिए सोचने समझने की शक्ति आती है। क्या उचित है क्या अनुचित इसका निर्णय लेने में सफलता मिलती है। भारत में आज साक्षरता दर बढ़ी है किन्तु शिक्षित, प्रशिक्षित, कौशलयुक्त लोग कितने है यह महत्वपूर्ण मुद्दा है।

"शिक्षा वह अस्त्र है जिसके माध्यम से हम दुनिया में बदलाव ला सकते हैं,हिंसा का योग किये बिना " -नेल्सन मंडेला

प्रस्तावना :-

बौद्धिक पूंजी विकास के दो महत्वपूर्ण अंग हैं :-

(1) शिक्षा
(2) स्वास्थ्य

एक देश की वास्तविक सम्पत्ति ध न-दौलत, हीरा-मोती, सोना-चांदी, जवाहरात न होकर उस देश की शिक्षित कौशलयुक्त एवं स्वस्थ व्यक्ति होते हैं। इसका कारण यह है कि भौतिक पूंजी जैसे कल-पूर्जे, मशीन एवं प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग मानवीय संसाधन श्रम के द्वारा किया जाता है। शिक्षा पर किया गया व्यय बोझ न होकर बुद्धिमत्तापूर्वक किया गया निवेश समझा जाना चाहिए।"

शिक्षा के लाभ :-

(1) शिक्षा एवं आर्थिक संवृद्धि।
(2) शिक्षा से आय की असमानता में कमी।
(3) शिक्षा एवं ग्रामीण विकास।
(4) शिक्षा और परिवार नियोजन, परिवार कल्याण।
(5) रोजगार में शिक्षण की भूमिका।

शिक्षा का बौद्धिक विकास में महत्व :-

शिक्षा से लोग न केवल साक्षर होते हैं बल्कि उनमें किसी कार्य को अच्छे ढंग से करने के लिए सोचने समझने की शक्ति आती है। क्या उचित है क्या अनुचित इसका निर्णय लेने में सफलता मिलती है। भारत में आज साक्षरता दर बढ़ी है किन्तु शिक्षित, प्रशिक्षित, कौशलयुक्त लोग कितने है यह महत्वपूर्ण मुद्दा है। देश में युवा शक्ति 65 प्रतिशत है।

शिक्षा के अन्य लाभ :-

शिक्षा के अन्य लाभ भी हैं जैसे -

(1) वर्तमान पीढ़ी की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से भावी पीढ़ी को भी लाभ प्राप्त होता है।
(2) शिक्षा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में अनुसंधान को बढ़ावा देती है।
(3) शिक्षा लोगों को कानून में रहने और अनुशासन को मानने के लिए वातावरण तैयार करती है।
(4) शिक्षा सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराकर 'सामाजिक नियंत्रण' को पालन करने में सहायक होती है।
(5) शिक्षा से लोगों के व्यक्तित्व का विकास होता है।

शिक्षित शिक्षक एवं छात्र शिक्षक अनुपात :-

वर्ष 2014-15 में स्कूली शिक्षा के अंतर्गत प्रशिक्षित शिक्षक एवं छात्र शिक्षक अनुपात में भारी कमी रही है। देश में औ 2014-15 में 79 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षित थे। उच्चतर माध्यमिक स्तर पर 69 प्रतिशत ही शिक्षित थे। दूसरी ओर कक्षा के स्त बढ़ते ही छात्र शिक्षक अनुपात बढ़ता जा है। उच्चतर माध्यमिक में छात्र शिक्षक अनुप 38 हैं।

भारतीय शिक्षा णाली की समस्याएं :-

(1) स्कूल त्यागने का अनुपात ऊंचा है।
(2) शिक्षा का गुणात्मक पहलू निम्नस्तर है
(3) पाठ्यक्रम स्टैण्डर्ड नहीं।

शिक्षित शिक्षक एवं छात्र शिक्षक अनुपात :-

क्रमांक	कक्षा	प्रशिक्षित शिक्षकों का अनुपात	छात्र शिक्षक अनुपात
(1)	निम्न प्राथमिक (5 वीं)	73.18	24
(2)	उच्च प्राथमिक (6से8)	76.18	17
(3)	माध्यमिक शिक्षा (9से10)	77.88	27
(4)	उच्च माध्य (11से12)	69.73	30
(5)	सभी शिक्षक (2014-15)	79.03	
(6)	सभी शिक्षक (2013-14)	78.12	

प्रो. श्रीमती आभा बाजपेई, अर्थशास्त्र विभाग - डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
डॉ. के.के. शर्मा, अर्थशास्त्र विभाग - डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
प्रो. श्रीमती नीलिमा केशरवानी, अर्थशास्त्र विभाग - डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

ATTESTED
PRINCIPAL
D.P. Vipra College
Bilaspur (C.G.)

'पर्रा भर लाई' : एक समीक्षात्मक विवेचन

सार -

'पर्रा भर लाई' छत्तीसगढ़ी गाँव और किसान के जीवन के अन्तर्भावनाओं का अकृत्रिम स्वर कहा जा सकता है, जिसमें राष्ट्रीय चेतना के साथ ही धरती के प्रति प्रेम और संघर्षो के बावजूद कर्म और परम्परा के प्रति निष्ठा के भाव मुखर हैं। पद्मश्री पं. श्यामलाल चतुर्वेदी जी उन रचनाकारों में से एक हैं जो एक ओर तो गांधीवादी प्रभाव के कारण राष्ट्रीय सामाजिक आदर्शों के समर्थक हैं और दूसरी ओर जनपदी आंचलिक जन-जीवन से गहराई से जुड़े होने के कारण वहां के निवासियों के दुख-सुख के प्रत्यक्षदर्शी साक्षी हैं। उदात्त संवेदनशीलता के कारण नगरीय ज्ञान के अहंकार में किसान-किसानिनों के दैनंदिन जीवन तथा उनकी संघर्षो और अभावों से जूझती जिन्दगी के अकृत्रिम चित्रों को उन्होंने किसी भी प्रकार से विकृत नहीं होने दिया। ऐसा प्रतीत होता है जैसे छत्तीसगढ़ी किसानों की आत्मा पं. चतुर्वेदी जी में इतनी रच-बस गई है कि इन स्वरों को उनसे अलग नहीं किया जा सकता।

पद्मश्री पं. श्यामलाल चतुर्वेदी मूलतः पत्रकार थे। शिक्षक, समाजसेवी, कतिपय संस्थाओं में, प्रशासनिक कार्यो में भी संलग्न रहे। छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग के प्रथम अध्यक्ष रहे जहां उन्हें छत्तीसगढ सरकार ने केबिनेट मंत्री का दर्जा भी दिया था। उनका एक कवि एवं साहित्यकार का रुप सर्वोपरि रहा। छत्तीसगढ़ी बोली पर उनका जो अधिकार था वह अभूतपूर्व था। छत्तीसगढ़ी साहित्य का चलता फिरता शब्दकोश माने जाने वाले चतुर्वेदी जी ने छत्तीसगढ़ में साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में अलख जगायी। इसलिये साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा पद्मश्री अलंकरण से नवाजा गया था।

'पर्रा भर लाई' पं. चतुर्वेदी जी का छत्तीसगढ़ी काव्य संग्रह है। इसमें उनकी कुल बीस कविताएँ संग्रहित है। संग्रह का शीर्षक इतना सटीक है कि एक बार में ही यह सबका मन मोह लेता है। यह हमारे बाल्यकाल की स्मृतियों को ताजा कर देता है। उनमें श्रेष्ठ काव्य प्रतिभा विद्यमान है।

'पर्रा भर लाई' छत्तीसगढ़ी गाँव और किसान के जीवन के अन्तर्भावनाओं का अकृत्रिम स्वर कहा जा सकता है, जिसमें राष्ट्रीय चेतना के साथ ही धरती के प्रति प्रेम और संघर्षो के बावजूद कर्म और परम्परा के प्रति निष्ठा के भाव मुखर हैं। पद्मश्री पं. श्यामलाल चतुर्वेदी जी उन रचनाकारों में से एक हैं जो एक ओर तो गांधीवादी प्रभाव के कारण राष्ट्रीय सामाजिक आदर्शों के समर्थक हैं और दूसरी ओर जनपदी आंचलिक जन-जीवन से गहराई से जुड़े होने के कारण वहां के निवासियों के दुख-सुख के प्रत्यक्षदर्शी साक्षी हैं। उदात्त संवेदनशीलता के कारण नगरीय ज्ञान के अहंकार में किसान-किसानिनों के दैनंदिन जीवन तथा उनकी संघर्षो और अभावों से जूझती जिन्दगी के अकृत्रिम चित्रों को उन्होंने किसी भी प्रकार से विकृत नहीं होने दिया। ऐसा प्रतीत होता है जैसे छत्तीसगढ़ी किसानों की आत्मा पं. चतुर्वेदी जी से इतनी रच-पच गई है कि इन स्वरों को उनसे अलग नहीं किया जा सकता।

'पर्रा भर लाई' में एक ओर प्रकृति के विविध रुप-रंग और मौसम से सम्बन्धित रचनाएँ हैं, तो दूसरी ओर किसान के जीवन के सचित्र दृश्य। रव. पद्मश्री पं. मुकुटधर पाण्डेय जो कि छत्तीसगढ़ के छायावादी कवि थे, उन्होने लिखा था कि चतुर्वेदी जी प्रकृति के चतुर चितेरे हैं। स्वभाव चित्रण में विलक्षण हैं। 'बेटी के बिदा' कविता इतनी मार्मिक है कि मुकुटधर पाण्डेय जी चतुर्वेदी जी को 'बेटी के बिदा' वाले चतुर्वेदी जी कहकर सम्बोधित किया करते थे। वास्तव में यह कविता हृदय स्पर्शी है। इस गीत में 'बेटी के बिदा' की व्यथा कथा स्वरित है। संसार से विरक्त महर्षि कवि जब शकुन्तला की विदा वेला में आठ-आठ आंसू बहा सकते हैं, तब सामान्य जन-मन की बात ही क्या ? बड़ा ही कारुणिक होता है यह प्रसंग। कुछ समय में बेटी विदा हो जायेगी, यह कल्पना ही हृदय को पीड़ा से भर देती है-

जबले अकती के लगिन सुनेव,
छाती हर धुकुर-धुकुर करथे।
मोर जबड़ गटारन कस आँखी,
अब कइसे झुकुर-झुकुर करथे।

('बेटी क बिदा' : पृश्ठ-9)

बेटी परधन है यह सभी जानते हैं बेटी एक दिन ससुराल जाती ही है यह भी निश्चित है, पर मन तो मन है, माने तब न-

ओइसे उन ठउका कहिथे,
कोनो हर ओतका नइ जानय ?
गुनथौं मन ला,
फेर चिटको कन न मानय।

('बेटी क बिदा' : पृश्ठ-10)

करुण रस की उपरलिखित बांकी झांकी के साथ ही प्रतीक्षारत नारी के वियोग-तय था भी निम्न पंक्तियों में साकार हो उठी है-

डॉ. सुषमा शर्मा, सहायक प्राध्यापक 'समाजशास्त्र' - डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

ATTESTED
PRINCIPAL
D.P. Vipra College
Bilaspur (C.G.)

पर्यावरण संरक्षण - जल है तो जहान है

सार -

सत्य तो यह है कि नदियों के निर्विघ्न प्रवाह का दामन जिस परिशिष्ट कुचक्र के संरक्षकों ने बाँध बनाकर किया है वह वास्तव में यही प्रमाणित करता है कि बाँध-निर्माण किसी अन्य विशेष प्रयोजन का तुष्टीकरण मात्र है न कि जनसाधारण के लिए अनिवार्य एवं आवश्यक विकास की संकल्पना । जिस राज्य में लोग प्यासे मर रहे हों वहाँ बाकायदा बाँध बनाकर उद्योगों को, कारखानों को पानी दिया जाता हो, वह भी केवल मोटे मुनाफे के लिए तो यह बात कोई भी समझ सकता है कि जहाँ बूँद-बूँद के लोग तरस रहे हों, वहाँ समय रहते पहले से योजना बनाकर उद्योगपतियों को प्रदान करने वाले पानी का नियोजन क्यों नहीं किया जाता है।

विश्व की पहली सभ्यता सिंधु नदी के किनारे जन्मी थी और सिंधु नदी के सूखने पर मोहनजोदड़ो और हड़प्पा नगरवासी इधर-उधर बसे और हिंदू कहलाए । इतिहास साक्षी है कि निरंतर होते आक्रमण से हमने वास्तव में अपना स्वर्णयुग खो दिया है। आज आजाद भारत जिस विषम सूखे का प्रकोप झेल रहा है तो यह कौन मानेगा कि यह वही धरती है, जहाँ विश्व का पहला मानवनिर्मित जलाशय बनाया गया था । सौराष्ट्र के शकनरेश रुद्रमन ने सुदेषणा झील बनवाई। इसी गुजरात में जगह-जगह सीढ़ीदार कुएँ बने थे, जिन्हे आज विश्व आश्चर्यजनक रुप से 'स्टेपवेल्स ऑफ गुजरात' के नाम से जानता है।

इसी तरह सारे राजस्थान में लोकहित के लिए बावड़ी बनवाई जाती रही हैं। संपूर्ण दक्षिण भारत में बड़े-बड़े जलाशय व जलस्त्रोत इतने सुनियोजित व सुव्यवस्थित तरीके से बनाए गए थे कि वर्ष भर सिंचाई को भरपूर पानी मिलता रहे और वहीं सामाजिक समन्वय की व्यवस्था भी सुचारु रुप से चलती रहे । दो सदी पहले जब अँग्रेज इंजीनियर सिंचाई परियोजना शुरु करने को भारत आया तो यहाँ की जल-व्यवस्था में किसी और सुधार की गुंजाइश, उसे न दिखी ।

पिछले दिनों भरतपुर के पास डींग का किला देखा, जो खासतौर से ग्रीष्म ऋतु के लिए बनाया गया था । महल की दो मंजिलें पानी में डूबी रहने के कारण बड़े-बड़े कमरों की दीवारें और फर्श आज भी ऐसे ठंढे थे कि आधुनिक एयर कंडीशनिंग को मात दे दें। पानी की नालियाँ, नहरें, बड़े-बड़े फौवारे जिनसे होकर बहता केवड़े और खसखस का सुगंधित पानी और कमरों में आती सुवासित बयार-ये उस महल की विशेषता हुआ करती थी । दुर्भाग्यवश आज यह महल अपनी बदहाली की कथा खुद ही बयान कर रहा है।

इंदौर के पास स्थित माण्डू के पहाड़ी टीले पर रानी रुपमती के रुपमहल में वर्षा जल का ऐसा सुनियोजित प्रबंधन था कि बादलों में गिरा सारा विशुद्ध जल छोटी-छोटी नालियों से होता हुआ महल के नीचे बने तहखानों में जाता था । यह जल हौज में एकत्रित होकर वर्ष भर के लिए काम आता था । बाजबहादुर का दो झीलों के बीच बना जहाजमहल भी ऐसा ही था, जहाँ बारिश का पानी छोटी-छोटी नालियों से बहते हुए ढलाव वाले फर्श से होकर दोनों और बनी झीलों में जा गिरता था और फिर इसी पानी को चूने और कोयले से शुद्ध कर साल भर के लिए इंतजाम किया जाता था। आज सपना-सा लगता है ये सब देखना सुनना और पढ़ना, जब आज राष्ट्र के कितने इलके बूँद-बूँद को तरस रहे हैं, क्योंकि सत्य तो ये है कि वर्तमान भारत में जल के बिना जीवन चल रहा है।

श्रीमद्भगवतगीता में एक श्लोक (3/14) है -

अन्नाद्भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसम्भवः ।
यज्ञाद्भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्मसमुद्भवः ॥

अर्थात् संपूर्ण प्राणी अन्न से उत्पन्न होते हैं, अन्न की उत्पत्ति वृष्टि से होती है वृष्टि यज्ञ से होती है। और यज्ञ शुभ विहित कर्मो से उत्पन्न होता है। ये था हमारे ऋषियों का सरल, सहज, सात्विक चिंतन व विज्ञान। यज्ञ की समिधा, घृत व हवि की आहुतियाँ मंत्रोच्चार के साथ अग्नि को समर्पित की जाएं तो वे धुआँ बनकर आकाश में बादल बनेंगी और ये बादल वर्षा के रुप में खेतों में बरसकर उत्कृष्ट अन्न उत्पन्न करेंगे। अद्भुत एवं विलक्षण विज्ञान था इस महान संस्कृति के प्रणेताओं का ।

आज कैसे दुर्भाग्यपूर्ण एवं अप्रिय सत्य है कि उन अमृतपुत्रों के वंशज हम किस प्रदूषित जहरीली हवा से साँस ले रहे हैं। इस हवा से बने बादल बेमौसम ही बरसते हैं और फसल को नुकसान ही पहुँचाते हैं, कभी बेमौसम ओले बनकर और कभी नवअंकुरित कोमल पत्तों पर मूसलाधार बरस कर । रही-सही कसर ग्लोबल वॉर्मिंग ने पूरी कर दी है। अब सरदियों में भी प्रचुर बरफबारी नहीं होती है। नतीजतन ये ग्लेशियर जो बदरीनाथ मार्ग में आते थे वे अब

डॉ.एम.एस.तम्बोली, विभागाध्यक्ष - लोकप्रशासन विभाग, डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
प्रो.किरण दुबे, सहायक प्राध्यापक - लोकप्रशासन विभाग, डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

ATTESTED
PRINCIPAL
D.P. Vipra College
Bilaspur (C.G.)

भारतीय प्रजातांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका

उद्देश्य :-

- *भारतीय प्रजातांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका की विवेचना एवं विश्लेषण करना।*
- *भारतीय प्रजातांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका मे वृद्धि के सकारात्मक तथा प्रभावशाली कारकों की खोज करना।*

की वर्ड :- प्रजातांत्रिक व्यवस्था, महिला राजनीतिक, सषक्तिकरण।

सारांश :- भारत को स्वतंत्र हुये सात दशक बीत चुके हैं और बीते दशक में अपनी गति को कायम रखते हुये परिवर्तन के नवीन आयामों को लाते रहते है। इस अवधी में समाज में बहुत कुछ बदला। स्वतंत्रता के बाद हमारे यहॉ जो प्रजातांत्रिक प्रणाली लाई गई वह व्यस्क मताधिकार पर आधारित है। नागरिको को मिले समान अधिकारों के साथ ही भारतीय महिलाओं को समान शैक्षिक अवसर, संपत्ति और विरासत में बराबर का अधिकार प्राप्त हुआ। जिससे सामाजिक स्तर पर स्त्रियों की स्थिति में सुधार आया, लेकिन राजनीतिक मानचित्र फिर भी नहीं बदला। महिला सशक्तिकरण के संबंध में ऑफिस ऑफ द यूनाइटेड नेशन हाई कमिश्नर फार ह्यूमन राइट्स'' ने लिखा है कि '' यह औरतों को शक्ति क्षमता तथा काबिलियत देता है ताकी वह अपने जीवन स्तर को सुधार कर अपने जीवन की दिशा को स्वयं निर्धारित कर सके। अर्थात् यह वह प्रक्रिया है जो महिलाओं को सत्ता की कार्यशैली समझने की न केवल समझ देता है अपितु साथ ही साथ सत्ता के श्रोतो पर नियंत्रण कर सकने की क्षमता प्रदान करता है।

अवधारणात्मक परिचय :-

दुनिया का कोई भी राष्ट्र तभी विकास के पथ पर अग्रसर हो सकता है, जब महिलाओं की पूरी क्षमता का उपयोग कर सकें। भारतीय समाज परंपरागत रुप से पद सोपानी समाज रहा है। जिसमें महिलाओं की स्थिति पुरुषों की अपेक्षा निम्न रही है। जिस प्रकार रथ के दोनो पहियें जब तक गति नहीं करते तब तक मंजिल तक पहुँचना मुश्किल होता है। उसी प्रकार समाज रुपी रथ के पहिये स्त्री-पुरुष जब तक समान रुप से गतिमान नहीं होगे तब तक समाज का विकास असंभव है।

राजनीति के क्षेत्र में लम्बे समय से पुरुषों का वर्चस्व कायम रहा है। महिलाओं की स्थिति की विवेचना करने के लिये 1971 में एक समिति गठित की गई थी। ''टुवर्ड्स इक्विलिटी'' शीर्षक से 1974 में प्रकाशित इस समिति की रिपोर्ट में कहा गया था कि संस्थागत तौर पर सबसे बड़ी अल्पसंख्यक होने के बावजूद राजनीति पर महिलाओं का असर नाममात्र है। समिति ने सुझाव दिया कि इसका उपाय यही है हर राजनीतिक दल महिला उम्मीदवारों का एक कोटा निर्धारित करे और जब तक ऐसा ना हो एक उपाय के तौर पर समिति ने नगर परिषदों और पंचायतों में महिलाओं के लिये सीटें आरक्षित करने के लिये संविधान में संशोधन करने की सिफारिश की। सन् 1993 में 73 वे 74 वें संविधान संशोधन के माध्यम से ऐसा किया भी गया। पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिये 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान महिला सशक्तिकरण का निर्णय प्रक्रिया में उनकी सहभागिता में वृद्धि की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम था। बिहार और राजस्थान में इसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। पंचायतीराज व्यवस्था जो जमीनी प्रजातांत्रिक ढांचा निर्मित करती है, महिलाओं की भागीदारी को ग्रामीण संरचना में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में बढ़ाया। महिलाओं की पंचायत के माध्यम से विकास प्रक्रियाओं एवं निर्णय लेने की प्रक्रिया में सहभागिता एक ओर प्रजातांत्रिक, राजनीतिक, सामाजिक न्याय तथा समानता के मध्य संबंधों को अभिव्यक्त करती है तथा दूसरी ओर प्रजातंत्र की जड़ों को मजबूत करती है। यह सर्व विदित सत्य है कि महिलायें वित्तीय संसाधनों का उचित प्रयोग करना भली भाँति जानती है ओर अपनी इस क्षमता का उपयोग उन्होनें गांव के वित्तीय संसाधनों को नियंत्रित और नियमित करने में किया है। पुरुष सत्तात्मक समाज में महिला के नेतृत्व को स्वीकार कर पाना आसान नहीं है और यही कारण है कि येन-केन-प्रकारेण महिला सरपंचो को अविश्वास प्रस्ताव पारित कर हटाने का प्रयास भी किये गये। इस समस्या से निपटने के लिए 2008 मे मध्य में केन्द्र सरकार ने राज्यों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि महिला सरपंचो को डेढ़ साल से पहले अविश्वास प्रस्ताव द्वारा न हटाया जाये। सरकार द्वारा उठाया गया कदम न केवल महिला नेतृत्व की स्वीकारोक्ति का प्रमाण है अपितु विश्वास का

डॉ. आभा तिवारी, डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
प्रो. रुपेन्द्र शर्मा, डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

ATTESTED
PRINCIPAL
D.P. Vipra College
Bilaspur (C.G.)

वनोपज संग्रहण में अनुसूचित जाति तथा जनजाति का योगदान

सार -

आदिकाल से अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति का शोषण होते आया है। स्वतंत्रता के पूर्व इनकी दशा काफी बदतर थी, गांधी जी ने कहा था कि भारत को वास्तविक आजादी दिलाना है तो अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजातियों को जन आंदोलन में शामिल करना होगा। गांधी जी ने ही अस्पृश्यता को समाप्त करने के लिए अनेक कदम उठाये। छत्तीसगढ़ राज्य का बस्तर क्षेत्र बहुत समय से पिछड़ा हुआ है जिसे विकास की मुख्यधारा से जुड़ने में कुछ समय अवश्य लगेगाा परंतु जब विकास के अंतिम चरण में यह क्षेत्र सबसे समृद्ध एवं विकसित हो जायेगा क्योंकि यहां के वन उत्पाद एवं वनोपज की मांग पूरे भारत देश में होगी, जिसकी कुल जनसंख्या 13,06,673 है जिसमें अ.ज.जा. का प्रतिशत 66.31 तथा अनुसूचित जाति का प्रतिशत 2.96 है, इसी प्रकार दंतेवाड़ा जिला की कुल जनसंख्या 7,19,487 है जिसमें अनुसूचित जाति 78.52 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजातियों का प्रतिशत 3.36 है । छत्तीसगढ़ के कुल अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजातियों की संख्या का 57.3 प्रतिशत बस्तर संभाग में है। अतः बस्तर संभाग आदिवासी बाहुल्य वाला क्षेत्र है, जहां तेंदुपत्ता, साल, बीज एवं हर्रा प्राकृतिक उत्पाद है। इसके संग्रहण का लक्ष्य पूर्व निर्धारित करना संभव नहीं होता इसका उत्पादन पूरी तरह से भौगोलिक तथा पर्यावरण के प्रभाव से फलता-फूलता है। अनुसूचित जाति तथा जनजातियों के शोषण के विरुद्ध सबसे पहले मार्च 1965 में भारतीय आदिम जाति सेवक संघ, दिल्ली के तत्वाधान में बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर में एक सम्मेलन आयोजित किया गया था। उक्त सम्मेलन में इनके शोषण को समाप्त करने के लिए वन सहकारी समिति स्थापित करने का सुझाव दिया गया था इसके साथ ही इन वनवासियों एवं आदिवासियों को अपने-अपने क्षेत्र में सहकारी समिति बनाकर संग्रहित वनोपज को यहां बेचने का अधिकार प्रदान किया गया तथा इन्हें सहकारी सहायता भी देने का आश्वासन दिया गया। वनों की सुरक्षा के लिए संयुक्त वन प्रबंधन जनभागीदारी के लिए समितियों के माध्यम से किया जा रहा है जिसमें महिला एवं पुरुष वनवासियों की बराबर हिस्सेदारी रहेगी।

प्रस्तावना :-

आदिकाल से अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति का शोषण होते आया है तथा उन्हें हमेशा हेय दृष्टि से देखा जाता है । यह मान लिया जाता है कि ये केवल मजदूरी एवं कारीगर का काम करते रहेंगे। स्वतंत्रता के पूर्व इनकी दशा काफी बदतर थी। गांधी जी ने कहा था कि भारत को वास्तविक आजादी दिलाना है तो अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजातियों को जन आंदोलन में शामिल करना होगा। गांधी जी ने ही अस्पृश्यता को समाप्त करने के लिए अनेक कदम उठाये। भारतीय संविधान प्रारुप समिति के डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने इनके उत्थान हेतु प्रयास किये। भारत को आजाद हुये लगभग सात दशक होने जा रहा है परन्तु आज तक इनका सार्थक विकास नहीं हो पाया है। कारण यह है कि इन आदिवासियों एवं वनवासियों को आगे बढ़ाने की दिशा में पर्याप्त कदम नहीं उठाये गये हैं । केंद्र सरकार तथा छत्तीसगढ़ राज्यसरकार इनके विकास हेतु अनेक प्रकार के अधिनियम एवं योजनाएं बनाये हैं तथा इनका क्रियान्वयन किये जा रहे हैं ताकि मानव संसाधन का सही उपयोग, उनके आर्थिक विकास, सामाजिक उन्नति तथा शोषण के विरुद्ध अपने अधिकारों को जानें एवं उपयोग करे ।

छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना हुये केवल बीस वर्ष ही हुये हैं अतः राज्य में अनुसूचित जाति तथा अनुसूतचित जनजाति के विकास की पर्याप्त संभावना बनी हुई है । छत्तीसगढ़ राज्य का बस्तर क्षेत्र बहुत समय से पिछड़ा हुआ है जिसे विकास की मुख्यधारा से जुड़ने में कुछ समय अवश्य लगेगा परंतु जब विकास के अंतिम चरण में यह क्षेत्र सबसे समृद्ध एवं विकसित हो जायेगा क्योंकि यहां के वन उत्पाद एवं वनोपज की मांग पूरे भारत वर्ष में होगा। यहां की संस्कृति, दशहरा उत्सव यहां के वनवासियों द्वारा अपनाई जाने वाली परंपरा से सभी परिचित होंगे। यह कहना उचित होगा कि बस्तर का यह क्षेत्र आदिवासी परंपरा तथा वनसंपदा एवं वनोपज के कारण छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे भारत वर्ष में अपनी विकास की गाथा गढ़ेंगे, वह समय दूर नहीं जब छत्तीसगढ़ राज्य की पहचान बस्तर से किया जा सकेगा ।

दण्डकारण्य, भ्रमरकूट तथा बस्तर

डॉ. खगेंद्र कुमार सोनी, सहा. प्राध्यापक - वाणिज्य, डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

ATTESTED
PRINCIPAL
D.P. Vipra College
Bilaspur (C.G.)

राजनीतिक एवं सामाजिक परिप्रेक्ष्य में महिलाओं की स्थिति

सार -

स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी भारत के आधुनिक स्वतंत्रता संग्राम का संघर्ष 18वीं सदी के अंतिम दशकों से प्रारंभ हुआ इस समय महिलाओं की स्थिति दोयम दर्जे की थी फिर भी घर परिवार छोड़कर आगे आए और आजादी की लड़ाई में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इतिहास के पन्ने पलटने पर पता चलता है कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर 1942 की जनक्रांति और फिर आजादी मिलने तक महिलाओं का स्वाधीनता आंदोलन में अमूल्य व सक्रिय योगदान रहा । महिलाओं ने न सिर्फ पुरुषों के साथ आजादी के महायज्ञ में अपनी आहुति दी अपितु कई मोर्चे पर तो उन्होंने स्वयं अंग्रेजों से लोहा लिया और सीने पर गोलियां खाई ।''

भारतीय संदर्भ में महिलाओं की स्थिति के अध्ययन से ज्ञात होता है कि प्राचीन काल से वर्तमान समय तक महिलाओं की स्थिति में लगातार परिवर्तन होता रहा है। प्राचीन काल में महिलाओं की स्थिति पूर्व आर्यन युग (ईसा पूर्व 3000 ईसा पूर्व 2000) महिलाएं समाज में विशेष स्थान रखती थी। हड़प्पा और मोहनजोदड़ो के मुक प्रमाण बताते हैं कि आर्यों के पूर्व सिन्धु समाज में महिलाएं विशेष सम्मान पाती थी। इतिहासकारों के अनुसार प्राचीन काल मातृसत्तात्मक था और आज के बाद संपत्ति का उत्तराधिकार कन्याओं को मिलता था सिंधु सभ्यता के समाप्त होने के बाद 1500 ई.पू. भारत में आर्यों का आगमन हुआ इसी समय वेदों की रचना है वेद और पुराणों के अध्ययन के आधार पर इतिहासकारों ने वैदिक युग को महिलाओं की सामाजिक स्थिति के संदर्भ में स्वर्ण युग कहा है क्योंकि कालखंड में महिलाओं की समाज में अत्यंत उन्नत स्थिति थी। इस समय पितृसत्तात्मक पारिवारिक व्यवस्था थी लेकिन पुत्र - पुत्रियों को समान अवसर एवं समान सुविधाएं उपलब्ध थी। शिक्षा के मामले में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं था।

''इसी समय परिस्थितियां परिवर्तित हुई। ''संस्कार व्यवस्था'' का उदय हुआ। महिलाओं की स्थिति गिरावट आना प्रारंभ हो गया। हिंदू समाज में संस्कार व्यवस्था अस्तित्व में आई जिसमें महिलाओं को दोयम दर्जे का नागरिक माना जाता था। तब महिलाओं को विवाह के अतिरिक्त धार्मिक संस्कार वेद मंत्रों का उच्चारण करने की मनाही थी। उनका उपनयन संस्कार नहीं होता था। इसलिए न तो वे शिक्षा प्राप्त कर सकती थी और न ही वेदों का अध्ययन कर सकते थी। अर्थशास्त्र में कहीं भी महिला शिक्षा का जिक्र नहीं किया गया है ।'' किस काल के पश्चात् लगातार महिलाओं की स्थिति में गिरावट आने लगी । विभिन्न कुरीतियों का जन्म हुआ, कुप्रथाएं अस्तित्व में आयी। बाल विवाह, विधवा विवाह की अनुमति कुछ विशेष परिस्थिति में ही दी जाती थी। आठवीं सदी से लेकर 18 वीं सदी के आरंभ तक अर्थात मुहम्मद बिन कासिम के आक्रमण से लेकर मुगल साम्राज्य के पतन तक भारतीय महिलाओं पर अनेक सामाजिक प्रतिबंध आरोपित किए गए। बाल-विवाह, विधवा विवाह, निषेध, विधवाओं की अभिशापित स्थिति, सती प्रथा, जौहर प्रथा, पर्दा प्रथा, अशिक्षा एवं अंधविश्वास की जकड़ में मध्ययुगीन भारतीय महिला ने अपार कष्ट भोगे। कुछ अपवाद को छोड़कर जैसे मुस्लिम शासक भारतीय नारी की दशा अत्यंत पिछड़ी हुई थी। मध्य काल में स्त्रियों की दशा सुधारने के लिए कोई आंदोलन नहीं चलाया गया। राजनीति के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं का पता नहीं हुआ।

आधुनिक युग में महिलाओं की स्थिति -

अंग्रेजों के आने के बाद भारत में एक नए युग का सूत्रपात हुआ। भारतीय समाज पर अंग्रेजों के आगमन का प्रभाव समझने के लिए दो चेहरों को समझने की आवश्यकता है। एक ओर अंग्रेजी सभ्यता उदारवादी मूल्यों वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा प्रजातांत्रिक मूल्यों की वाहक थी। तो दूसरी ओर भारत में अंग्रेजी शासन साम्राज्यवादी शोषक मूलक भूमिका निभा रहा था। भारत का शिक्षित और बुद्धिजीवी वर्ग ब्रिटिश सभ्यता के उदारवादी मूल्यों तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रभावित हुआ। इस प्रभाव के अंतर्गत जब उसने भारतीय समाज पर दृष्टिपात किया तो उसमें अनेक बुराइयां उसे नजर आई तथा समाज सुधार का क्रम प्रारंभ हुआ महिलाओं की समस्या को दूर करने का प्रयास प्रारंभ हुआ ।

शासक के रुप में अंग्रेजों ने भारत की सामाजिक समस्याओं के संदर्भ में कुरीतियों को ना केवल बनाए रखना चाहते थे बल्कि उससे लाभउठाना भी चाहते थे।''

राष्ट्रीय एकता की भावना के विकास में भारतीय समाज के जागृत वर्ग को दो भागों में बांट दिया था - एक वर्ग था जो यह चाहता था कि तत्कालीन भारतीय समाज व्यवस्था की कुप्रथाओं को दूर किया जाए । यह वर्ग अंग्रेजी सभ्यता के उदारवादी विचारों से प्रेरित था । दूसरा वर्ग उन राष्ट्रवादियों का था जो पुनरुत्थानवादी थे। ये उनका मत था कि भारतीय समाज की दुर्गति वैदिक कालीन सामाजिक मूल्यों को त्याग देने के कारण हुई

डॉ. सुनीता यादव, सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष - राजनीति विज्ञान विभाग, डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

ATTESTED
PRINCIPAL
D.P. Vipra College
Bilaspur (C.G.)

नारी उत्पीड़न : निवारण, उपाय एवं समाजशास्त्रीय अध्ययन

सार - *वैदिक काल में नारी की स्थिति बहुत ही अच्छी और अत्यंत उन्नत थी। उस समय स्त्रियों की स्थिति उनके आत्म विश्वास, शिक्षा, विवाह, सम्पत्ति आदि के संबंध में पुरुषों के समान ही थी। उस समय बहुपत्नी विवाह अवश्य प्रचलित था, परन्तु स्त्रियों को मान-सम्मान और आदर से रखा जाता था। धन की देवी लक्ष्मी, ज्ञान की देवी सरस्वती और शक्ति की देवी दुर्गा से क्या अर्थ निकलता है, अवश्य ही प्राचीन भारतीय नारी इन सब शक्तियों की अधिकारिणी रही हैं, तभी तो देवी के रूप में पूजी गई हैं, और विख्यात हुई हैं।*

पुरुष और स्त्री समाज निर्माण के दो परस्पर पूरक तत्व हैं। समाज इसी गाड़ी (रथ) के दो पाहिये हैं जिस प्रकार समाजरुपी गाड़ी भी किसी के बिना आगे नहीं बढ़ सकती है। प्राचीन भारतीय मनीषियों ने इस तथ्य को स्वीकारा और उन्होंने पुरुष और नारी दोनों को समान महत्व प्रदान किया।

भारतीय समाज में वर्तमान नारी की स्थिति तथा उससे जुड़े हुए प्रश्नों पर चर्चा करने से पूर्व इतिहास के पृष्ठों पर स्त्रियों का कैसा चित्र अंकित है इस संदर्भ में विचार करना आवश्यक है।

वैदिक काल में नारी की स्थिति बहुत ही अच्छी और अत्यंत उन्नत थी। उस समय स्त्रियों की स्थिति उनके आत्म विश्वास, शिक्षा, विवाह, सम्पत्ति आदि के संबंध में पुरुषों के समान ही थी। उस समय बहुपत्नी विवाह अवश्य प्रचलित था, परन्तु स्त्रियों को मान-सम्मान और सादर से रखा जाता था। धन की देवी लक्ष्मी, ज्ञान की देवी सरस्वती और शक्ति की देवी दुर्गा से क्या अर्थ निकलता है, अवश्य ही प्राचीन भारतीय नारी इन सब शक्तियों की अधिकारिणी रही हैं, तभी तो देवी के रूप में पूजी गई हैं, और विख्यात हुई हैं।

उत्तर वैदिक काल की स्थिति वैदिक काल की तुलना में दयनीय थी। बाल-विवाह, प्रारंभ हो गया जिसके कारण स्त्रियों की शिक्षा में रुकावटें आने लगीं। उनके लिए धार्मिक अनुष्ठान/संस्कारों में भाग लेना मनाही हो गयी थी। धीर-धीरे अर्थ-व्यवस्था के नियमों में कड़ाई आने के साथ स्त्रियों की पद में क्रमिक ह्रास होने लगा था। यहीं से अर्थात उत्तर वैदिक काल से भारतीय नारी की स्थिति में गिरावट का प्रारंभ हो गया था।

स्मृति काल में आकर स्त्री की स्थिति में और गिरावट आई। वह केवल माता के रुप में आदर की पात्र रह गई। मनु स्मृति के अनुसार, ''स्त्री कभी भी स्वतंत्र रहने योग्य नहीं है, बचपन में वह माता-पिता के अधिकार में, युवावस्था पति के संरक्षण में तथा वृद्धावस्था पुत्र के नियंत्रण में रहे''।

मध्य युग में विशेष रुप से भारत पर मुसलमानों के आक्रमणों और मुगलों के राज्य के बाद भारत में स्त्रियों की स्थिति में और गिरावट आई नारियों का स्वतंत्र अस्तित्व का नामों निशान न रहा। लड़कियों की शिक्षा समाप्त हो गई। पर्दा-प्रथा प्रारंभ हो गया। स्त्री के जीवन का दायरा घर की चारदीवारी तक सीमित हो गई। सती प्रथा चरम सीमा तक पहुँच गई। नौकरी भी केवल निम्न वर्ग की स्त्रियों ही कर सकती थी। स्त्रियों के समस्त अधिकार छीन लिये गये, नारियों की स्वतंत्रता नाम मात्र ही रह गई।

19वी सदी के सामाजिक कार्यकर्ता तत्कालीन सामाजिक संस्थाओं एवं रीति-रिवाजों तथा जटिल अंगों से रिवाजों तथा प्रथाओं में परिवर्तन आवश्यक है। अंधविश्वास, अज्ञानता और निरक्षरता स्त्रियों की सभी समस्याओं के मूल में थी।

राजाराम मोहन राय, रानाडे, ईश्वर चन्द्र विद्यासागर, स्वामी दयानंद, पंडित रमाबाई, महर्षि कर्वे, महात्मा गाँधी और सुधारकों का ध्यान सामाजिक सुधार व स्त्री शिक्षा की ओर गया। इस संदर्भ में उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया।

पंडित जवाहर लाल नेहरु ने कहा था- ''लोगों में जागृति लाने के लिए पहले स्त्रियों को जागृत करना होगा, स्त्रियों के आगे बढ़ने से परिवार आगे बढ़ेगा। गाँव आगे बढ़ेगा और राष्ट्र भी आगे बढ़ेगा।

समाज की सर्वांगीण उन्नति तब तक कठिन ही नहीं असंभव है जब तक समाज के दोनों वर्ग स्त्री-पुरुष समाज में समाज रुप से प्रगतिशील न हों, पुरुषों की उन्नति होती रहे और स्त्रियाँ अज्ञान और पिछड़ेपन से ग्रस्त रहे, तो समाज अधोगति को प्राप्त हो जायेगा, दोनों का समान होना अति आवश्यक है। नारी की उत्थान पुरुषों की उन्नति से अधिक आवश्यक है।

देसाई के अनुसार - ''पुरुषों के साथ-साथ भारतीय नारियाँ भी महसूस करने लगी हैं कि नारी के जीवन का सर्वोपरि लक्ष्य केवल प्रेम विवाह करने पति के प्रति कर्तव्यनिष्ठ रहने, बच्चों को जन्म देने और गृहस्थी तक ही सीमित नहीं है। वे अनुभव करने लगी है कि नारी जीवन का उद्देश्य उससे कहीं ऊँचा है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् स्त्रियों की स्थिति की स्थिति में अत्यधिक परिवर्तन हुआ। बाल विवाह एवं पर्दाप्रथा का प्रचलन कम हुआ। सती प्रथा का कड़ा विरोध किया

रजनी कुजूर, सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र - राजनीति विज्ञान विभाग, डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

ATTESTED
PRINCIPAL
D.P. Vipra College
Bilaspur (C.G.)

समाज में पत्रकारिता और साहित्य का योगदान

सार -

पत्रकारिता और साहित्य एक-दूसरे के पूरक हैं। जहाँ पत्रकारिता समाज को सजग करती हैं। वही साहित्य के माध्यम से समाज में संस्कारों का निर्माण होता है। जहाँ साहित्य अपने विचारों एवं भावों के माध्यम से समाज की अच्छी व कड़वी सच्चाइयों को चित्रित करता है वही तथ्यों और विचारों की समीक्षात्मक टिप्पणियों के साथ शब्द, ध्वनि तथा चित्रों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना ही पत्रकारिता है। पत्रकारिता का स्वरुप साहित्य में ही समाहित है । साहित्यकार अपनी रचनाओं का सृजन करते समय इस तथ्य पर भी जोर देते हैं कि समाज से जुड़ी समस्याओं को भी पाठक के सामने लाए।

पत्रकार और साहित्यकार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। पत्रकार जहां अपनी खोजी प्रवृत्ति से समाज में घटित वास्तविकता को प्रकट करता है। वहीं दूसरी ओर साहित्यकार अपनी लेखनी से समाज व व्यक्ति की सूक्ष्म से सूक्ष्म बातों को अपनी कल्पना शक्ति व अलंकारमयी भाषा से जीवंत करता है। पत्रकार और साहित्यकार दोनों ही एक आदर्श समाज, आदर्श चिंतन, आदर्श व्यक्तित्व की स्थापना करना चाहते हैं। ये दोनों ही समाज सापेक्ष होते हैं। इसीलिए ये नवीनतम घटनाओं की जानकारी एवं विचारों को समाज के सामने प्रस्तुत कर उसका यथासंभव वस्तुपरक विवेचन करते हैं, और समाज के सामने विभिन्न पहलुओं को रखते हैं। दोनों ही समाज की गतिविधियों उनकी विसंगतियों को निर्भयतापूर्वक हमारे सामने लाते हैं। पत्रकार और साहित्यकार दोनों ही सामाजिक मूल्यों को स्थापित करने के लिए विद्रोह, आक्रोश, आलोचना व विश्लेषण को स्वीकार करते हैं। यह दोनों ही वर्तमान परिप्रेक्ष्य में घटित होने वाली महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में चिंतन प्रक्रिया को जन्म देकर उसे सही दिशा में पहुंचाने का प्रयास करते हैं। दोनों में ही अपनी चिंतन प्रक्रिया, खोजी प्रवृत्ति विश्लेषण शक्ति के माध्यम से वर्तमान घटनाओं की सही जानकारी समाज के सामने रखकर उनको सच्चाई से अवगत कराते हैं। वास्तव में पत्रकार और साहित्यकार एक आदर्श पथ-प्रदर्शक, एक आदर्श जीवन के निर्माता और एक आदर्श सामाजिक मूल्यों को स्थापित करने वाले होते हैं।

पत्रकारिता और साहित्य दोनों ही सामाजिक विज्ञान से संबंधित हैं, जो कि तात्कालिक परिपेक्ष्य में घटित घटनाएं चाहे वह राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक हो या सांस्कृतिक हो उसका रहस्योद्घाटन इन दोनों का ही बीजमूल है। यह दोनों ही तात्कालिक परिपेक्ष्य के उतार-चढ़ाव को ही प्रतिबिम्बित नहीं करती, बल्कि उनका दिशा-बोध भी कराते हैं।

पत्रकारिता और साहित्य एक-दूसरे के पूरक हैं। जहाँ पत्रकारिता समाज को सजग करती हैं। वही साहित्य के माध्यम से समाज में संस्कारों का निर्माण होता है। जहाँ साहित्य अपने विचारों एवं भावो के माध्यम से समाज की अच्छी व कड़वी सच्चाइयों को चित्रित करता है वही तथ्यों और विचारों की समीक्षात्मक टिप्पणियों के साथ शब्द, ध्वनि तथा चित्रों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना ही पत्रकारिता है। पत्रकारिता का स्वरुप साहित्य में ही समाहित है साहित्यकार अपनी रचनाओं का सृजन करते समय इस तथ्य पर भी जोर देते हैं कि समाज से जुड़ी समस्याओं को भी पाठक के सामने लाए।

साहित्य अपने समय और समाज की प्रतिछवि भी होता है। जो भाव और विचार से लोगों के हृदय को स्पंदित करते हैं। वही साहित्य पर भी अपनी छाया डालते हैं। साहित्य के माध्यम से भाव-पूर्ण सौंदर्य की अभिव्यक्ति होती हैं। सौन्दर्याभिव्यक्ति प्रत्येक मनुष्य में निहित है। साहित्यकार इस वृत्ति को अपनी भावना, अपनी अलंकारिकता की भाव-प्रवणता के माध्यम से उसे प्रस्तुत करता है, तो उसकी सृजनात्मक क्षमता उतनी प्रभावी होती हैं। वह शब्द-अर्थ में सामंजस्य लाकर सौंदर्य बोध को प्रस्तुत करता है। वह समाज में भेदक तत्व को सारहीन मानता है तथा मानव जाति को एक वैश्वीकरण में बांधता है। इस प्रकार साहित्य अनेकता में एकता या अद्वैतवाद या समरसता या आनंदवाद का वाचक है। जैसा कि प्रसाद ने कहा है -

''समरस थे जड़े या चेतन सुंदर साकार बना था, चेतन था एक विलसती आनंद अखण्ड घना था।''

'' साहित्य कलाकार के आध्यात्मिक सामंजस्य का व्यक्त रुप है और सामंजस्य सौंदर्य की सृष्टि करता है। वह इसमें वफादारी, सच्चाई, सहानुभूति न्यायप्रियता और समता के भाव की पुष्टि करता है । जहाँ यह भाव है वही दृढ़ता है और जीवन है। जहाँ इनका अभाव है वही फूट, विरोध, स्वार्थपरता है - द्वेष, शत्रुता और मृत्यु है।''

पत्र-पत्रिकाएं साहित्य की गद्य विधाओं की ही देन रही है। देश की अखंडता-एकता की प्रखर वाणी इन्हीं पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से अधिक प्रखर हुई है। यह तत्कालिक समाज की विचारों और प्रेरणाओं का वाहक बन चुकी

डॉ. सुरुचि मिश्रा, सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष-हिंदी, डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
E-mail : suruchimishraa28@gmail.com

ATTESTED
PRINCIPAL
D.P. Vipra College
Bilaspur (C.G.)

भारतीय नारी की दशा : एक ऐतिहासिक अनुशीलन

सार -

स्त्रियां बौद्धिक क्षेत्र में जितनी निपूर्ण थी उससे कही अधिक साहित्य कला व समाज सेविका एवं राजनितिक उपलब्धियों में अग्रणी रही। हम यह भी कह सकते है कि आधुनिक युग में नारी ने अपने महत्व को पहचाना है। दासता के बंधनों को तोड़ दिया और स्वतंत्रता की सांस ली। आधुनिक नारी ने शिक्षा, राजनीति, व्यवसाय आदि विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का सुन्दर परिचय दिया। आजकल किशोरों के अपेक्षा किशोरियाँ शिक्षक के क्षेत्र में अग्रणी है, यह कला वाणिज्य और विज्ञान के विषयों में भी अत्यंत सफलतापूर्वक सफलता ग्रहण कर रही है, राजनीति के क्षेत्र में भी इन्होंने अपना परचम लहराया। भारत की प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरागांधी भी एक महिला थी।

भूमिका :-

"स्त्री" सृष्टि के प्रारंभ एवं मानवता के विकास की प्रमुख पात्र रही है। उसके बिना सृष्टि की कल्पना नहीं की जा सकती है, मानव सभ्यता के निर्मात्री एवं विकास की सहचरी स्त्री का प्राचीन काल, मध्यकाल, आधुनिक काल में ऊंचा स्थान रहा एवं आदर्शसूचक पात्र के रूप में बड़े ही गौरवशाली प्रतिभावन विरांगना आदर्शशाली सभ्यता की जनक शिक्षाविद् गुणकारी महत्वशाली यथेष्ट, अविस्मरणीय, युगों-युगों की स्मरणिका, सबल, सशक्त प्राणदायनी, जननी मातृशक्ति की परिचायक रही और प्रत्येक युग में अपने आप का परिचय बड़े ही शालिनता के साथ शक्तिवाहिनी के रूप में जानी जाने वाली स्त्री, अपना परिचय खुद बना लेने वाली तथा विश्व के विकास की धारा को बदल डाला उसका एक शब्द "नारी" ही काफी है।

"अपराजेय शौर्य", वीरता, साहसिकता, विश्वनिर्माण में तत्परता और सक्रिय साझेदारी ने सिर्फ विमुग्ध ही नहीं किया बल्कि यह तथ्य सामने रखा और पूर्ण किया।

"स्त्री" शब्द का अर्थ अपने आप में सम्पूर्णता लिये हुए है, सारगर्भिता, शक्तिपरायणता, सक्षमता, सुबोधता का प्रतिक्रियात्मक परिचय प्रदान करता है, उसके निर्माण का अतुलनीय योगदान है। "नारी" ने इस बात से यह भी सिद्ध कर दिया है कि वह पुरुषों से किसी भी दृष्टिकोण में कमजोर नहीं है। विभिन्न कालों में स्त्रियों की दशा का किरदार अलग-अलग अनूठा प्रभावकारी रहा है।

प्राचीनकाल :-

प्राचीन भारत में अत्यंत सम्मानपूर्ण स्थान स्त्री का रहा है, स्वरुपों और कालों के हिसाब से उसकी स्थिति में निरंतर परिवर्तन आते गये। भारत में नारियों की देवी की तरह "सीता" जैसी साध्वी, सावित्री जैसी पवित्रता, गार्गी और मैत्री जैसी विदुषी ने इस देश की भूमि को अलंकृत किया था और उनके नाम से ही देश में भारत माँ की गौरवगाथा अमृत्व को प्राप्त हो गयी है।

"यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता" अर्थात् जहां स्त्री की पूजा होती है वहां देवता निवास करते है। पुरातन समाज में उन्नत स्त्री दशा का सूचक माना जाता है। ऋग्वेद काल में समाज में उसे आदरपूर्ण स्थान दिया। धार्मिक सामाजिक अधिकार पुरुषों के ही समान थे, विवाह धार्मिक संस्कार माना जाता था, विदुषी एवं योग्य कन्याओं की प्राप्ति के लिए विशेष धार्मिक कृत्यों का अनुष्ठान करते हैं। विश्वधारा को ब्रह्मवाहिनी तथा मन्त्रदंडी कहा गया है, ऋग्वेद में एक स्त्रोत की रचना की गई थी, जिसमें इन्द्राणी, सिकता, निवावरी, लोकभद्रा, शाश्रुति, विदुषी स्त्रियों के नाम मिलते है जो वैदिक मंत्रों तथा स्त्रोतों की रचयिता है।

मध्यकाल में नारी की दशा और स्थिति:-

मध्यकाल में स्त्री की स्थित धीरे-धीरे खराब होना प्रारंभ हो गयी थी, मुगलकाल के आते स्त्री की स्थिति गिरकर निम्न बिन्दु तक पहुंच गई थी। कुरितियों, परम्परा रीति-रिवाज पर्दा प्रथा, सती-प्रथा का बोलबाला था । स्त्री अब केवल एक "सम्पत्ति" बनकर रह गयी थी। युद्ध के समय स्त्री लूट का समान, रखैल प्रथा, वैश्यावृत्ति ने जोर पकड़ लिये थे । स्त्रियों को नित्य संगीत, रसोई ग्रह के कार्य एवं भोगविलास की सम्पत्ति के रुप में इस्तेमाल किया जाने लगा था। इस आशय ने राजनीति धर्म, अर्थ और समाज सभी को प्रभावित किया था। राजनीति में तो मुगलकालीन स्त्रियों को कभी प्रत्यक्ष तो कभी अप्रत्यक्ष हस्तक्षेप करती रहती थी, इसमें उदाहरण के लिए नूरजहां का प्रभावकारी स्वरुप प्रगट हुआ।

मध्यकाल में यह प्रथा मुसलमानों में प्रचलित थी। स्त्रियां विधवा होने पर भी पुनर्विवाह कर सकती थी, तलाक दे सकती थी, सती-प्रथा का प्रचलन नहीं था किन्तु यह भी केवल नारी होने के कारण अल्पकाल तक ही शासन कर सकी। भारतीय सामाजिक व्यवस्थाओं में जटिलताएं आ जाने के कारण पुरुष प्रधान समाज में स्त्रियों की दशा बद से बदतर हो गयी। यद्यपि गिरी हुई दशा के काल में "रजिया", सहाबुद्दीन, "मलिकाजहां", देवलरानी पद्मिनी जैसी विदुषी महिलाएं भी हुई । अहसान दौलत बेगम बाबर की प्रेरणा स्त्रोत थी। वह अपनी माँ अहसान दौलत बेगम का सम्मान करता था

डॉ. स्मृतिरानी प्रकाश, सहा.प्राध्यापक - इतिहास विभाग, डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

ATTESTED
PRINCIPAL
D.P. Vipra College
Bilaspur (C.G.)

छत्तीसगढ़ की भौगोलिक स्थिति

सारांश -

अबूझमाड़, चित्रकूट, बस्तर एवं सिहावा के पहाड़ इस भू-भाग के मुख्य पहाड़ है । इस क्षेत्र की सम्पूर्ण संस्कृति दुर्गम वन प्रान्तों की गोद में क्रीड़ा करती है । इन्द्रावती इस क्षेत्र की मुख्य नदी है । जो पूर्व से पश्चिम की ओर बहती है और गोदावरी में मिल जाती है । कोतरी, नारंगी, भंवरादग, शंखिनी एवं सबरी इस क्षेत्र की कतिपय उल्लेखनीय नदियां है । बस्तर का पहाड़ी विभाग विभिन्न जातियों का जीवित संग्रहालय है । विभिन्न परिवारों की इतनी जातियां भारत के किसी भी अन्य क्षेत्र में ऐसे आदिम अवस्था में नहीं मिलेगी । सभ्यता एवं संस्कृति से पूर्णतया असंकृत्य यह भू-भाग था । छत्तीसगढ़ में पालतू पशुओं के अतिरिक्त वन्य पशुओं का बहुतायत में पाया जाना कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है । जंगली शेर और चीते यहां के जंगलों में सामान्यतः पाए जाते हैं इसके अतिरिक्त बन्दर, रीछ, वनभैंसा, हिरण, तीतर, बारहसिंगा यहां के जंगलों में पाये जाते हैं। पक्षियों में प्रायः सभी प्रकार के जलचर और थलचर पक्षी यहां पाएं जाते हैं । यहां के वनों में मयूर का एक विशेष स्थान है।

छत्तीसगढ़ की पृष्ठभूमि

अतीत से ही हिन्दुस्तान के हृदय स्थल मध्यप्रदेश के दक्षिण पूर्वी भू-भाग पर स्थित ''छत्तीसगढ'' का एक विशिष्ट सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्त्व रहा है । अरण्य की गोद में इठलाती हुई महानदी, शिवनाथ की घाटी में प्रसन्नचित क्रीड़ा करता हुआ, धान के कटोरा को सदैव परिपूर्ण रखने वाला गढ़ों का यह क्षेत्र ''छत्तीसगढ़'' देश की खुशहाली का प्रतीक रहा है । वैभव, सम्पन्नता, सुख-शान्ति एवं सांस्कृतिक समन्वय यहां के प्राचीन सुप्रशासन के द्योतक रहे हैं । सदियों से सांस्कृतिक गरिमा के इतिहास की परम्परा को हृदयस्थ करते हुए इसमें समयानुकल देश की परिवर्तनकारी घटनाक्रमों के परिणामों को आत्मसात् किया है ।

भौगोलिक परिचय -

आधुनिक मध्यप्रदेश के दक्षिण पूर्व में 23.7 उत्तर अक्षांश एवं 80.43-83.38 पूर्वी देक्षांश के मध्य में छत्तीसगढ़ का क्षेत्र स्थित है । पश्चिम से पूर्व की ओर यह सकरा है । तलीय चित्र, स्थूल दृष्टि से देखने पर पंखे के आकार का भाषित होता है ।

छत्तीसगढ़ के उत्तर पश्चिम में रीवा संभाग, उत्तर पूर्व में उड़ीसा, बिहार, दक्षिण में आंध्रप्रदेश और पश्चिम में महाराष्ट्र इसकी भौगोलिक सीमा है तथा इसका कुल क्षेत्रफल 153133 वर्ग किलोमीटर है।

छत्तीसगढ़ में पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों की अधिकता है । महानदी एवं उसकी सहायक नदियों के द्वारा मैदानी क्षेत्र सदैव प्रभावित रहे हैं । इसके पश्चिमार्द्ध में महानदी एवं शिवनाथ नदी का दोआब है ।

यह मैदान समुद्र सतह से 300 किलोमीटर ऊँचा है । इसके मुख्यतः तीन प्राकृतिक खण्ड बनते हैं -

1. उत्तर में सतपुड़ा की समभूमि तथा
2. मध्य में महानदी तथा उसकी सहायक नदियों का मैदानी भाग
3. दक्षिण में बस्तर का पठा

छत्तीसगढ़ में लगभग 60 इंच वर्षा होती है । छत्तीसगढ़ के मैदानी भाग पीली, रेतीली, मिट्टी है । चांवल यहां की मुख्य उपज है ।

वर्तमान छत्तीसगढ़ में रायपुर, सरगुजा, बिलासपुर एवं दुर्ग तथा बस्तर जिले हैं । क्षेत्रफल 5188 वर्गमील जनसंख्या लगभग 92 लाख है।

1. उत्तर सतपुड़ा की समभूमि भाग -

छत्तीसगढ़ की उत्तरी भाग सतपुड़ा की उच्चसम भूमि पर स्थित है । सम्पूर्ण सरगुजा जिला में रायगढ़ जिला की जशपुर एवं उदयपुर तहसीलें एवं बिलासपुर । जिले का उत्तरी सीमान्त इसमें सम्मिलित है । यह अधिकांश वह क्षेत्र हैं जो प्राचीन काल में 'झारखण्ड कहलाता है । यह मध्यप्रदेश का सर्वोच्च भाग है । दुर्गम वनों एवं गहन उपत्थकाओं से परिपूर्ण है । चारो ओर से ऊँचे पर्वतों की स्वाभाविक दीवारों से घिरे होने के कारण इसकी रचना एक दुर्ग की भांति होती है ।

2. मध्य में महानदी तथा उसकी सहायक नदियों का मैदानी भाग -

प्राचीन काल से यह भू-भाग दक्षिण कोसल कहलाता था। मध्यप्रदेश का दक्षिण पूर्वी भाग जिसे छत्तीसगढ़ कहा जाता है । प्राचीन काल में दक्षिण कौसल कहलाता है और इसमें न केवल वर्तमान रायपुर, दुर्ग, बस्तर, बिलासपुर, सरगुजा और रायगढ़ जिलों का क्षेत्र अपितु उड़ीसा के सम्बलपुर जिले का भी बहुत-सा भू-भाग सम्मिलित था । वह प्रदेश मैकल रायगढ़ और सिहावा की पहाड़ियों से घिरा हुआ है तथा महानदी और उसकी सहायक शिवनाथ माढ़, खारुन और जोंक से संचित है। इन नदियों के तट पर विभिन्न सभ्यता का हृदय और विकास हुआ जिसके अवशेष बिखरे होने पर भी छत्तीसगढ़ के प्राचीन गौरव की झांकी प्रस्तुत करने में समर्थ है ।

इस क्षेत्र की अन्य नदियां हैं कान्हार,

डॉ. रश्मि शर्मा, सहायक प्राध्यापक - डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

ATTESTED
PRINCIPAL
D.P. Vipra College
Bilaspur (C.G.)









#Ankur, Bilaspur-98271 70543

D.P. VIPRA COLLEGE
BILASPUR
ACCREDITED "A" GRADE BY NAAC

2018-19

D.P. Vipra College

Old High Court Road, Bilaspur

Chhattisgarh, India 495001

ISSN 0973-3914

RESEARCH JOURNAL OF SOCIAL AND LIFE SCIENCES

HALF YEARLY, BILINGUAL (English/Hindi)

A REGISTERED REVIEWED/REFEREED RESEARCH JOURNAL
Indexed & Listed at: Ulrich's International Periodicals Directory©, ProQuest, U.S.A (Title Id: 715205)

अंक-XXVII-II हिन्दी संस्करण वर्ष-14 मार्च, 2019

UGC JOURNAL NO.40942
IMPACT FACTOR 3.112



JOURNAL OF
Centre for Research Studies
Rewa-486001 (M.P.) India
Registered under M.P. Society Registration Act, 1973, Reg. No. 1802, Year-1997
www.researchjournal.in

ATTESTED
PRINCIPAL
D.P. Vipra College
Bilaspur (C.G.)

आई एस एस एन 0973–3914

रिसर्च जरनल ऑफ सोशल एण्ड लाइफ साइन्सेस

पंजीकृत रिव्यूड/रेफर्ड रिसर्च जरनल

A Registered Reviewed/ Refereed

U.G.C. Journal No. 40942, Impact Factor 3.112
Indexed & Listed at: Ulrich's Periodicals Directory ©, ProQuest, U.S.A. Title Id : 715205

अंक-XXVII-II हिन्दी संस्करण वर्ष-14 , मार्च, 2019

प्रधान सम्पादक

प्रोफेसर ब्रजगोपाल

सेवानिवृत्त आचार्य, उच्च शिक्षा
प्रतिष्ठित भारतेन्दु हरिश्चन्द्र एवार्ड से सम्मानित
profbrajgopal@gmail.com

ऑनरेरी सम्पादक

डॉ. अखिलेश शुक्ल

प्राध्यापक, समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग
उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, नैक 'ए' ग्रेड शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)
प्रतिष्ठित भारतेन्दु हरिश्चन्द्र एवार्ड तथा पं. गोविन्द वल्लभ पंत एवार्ड से सम्मानित
akhileshtrscollege@gmail.com

डॉ. संध्या शुक्ल

प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग
उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, नैक 'ए' ग्रेड शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)
drsandhyatrs@gmail.com

डॉ. गायत्री शुक्ल

अतिरिक्त निदेशक, सेन्टर फॉर रिसर्च स्टडीज, रीवा
shuklagayatri@gmail.com

डॉ. आर. एन. शर्मा

सेवानिवृत्त आचार्य, उच्च शिक्षा, रीवा
rnsharmanehru@gmail.com

सेन्टर फॉर रिसर्च स्टडीज, रीवा की मुख्य शोध पत्रिका
म.प्र. सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1973 के अंतर्गत पंजीकृत
पंजीयन क्रमांक 1802, सन् 1997

अनुक्रमणिका

1. बाल अपचार के लिये उत्तरदायी मनोवैज्ञानिक कारक — 09
अखिलेश शुक्ल

2. भारतीय सामाजिक व्यवस्था में सुधार लाने हेतु जयप्रकाश नारायण की भूमिका — 14
सत्येन्द्र प्रसाद

3. भारतीय समाज में विधवा महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति — 21
अन्जू शुक्ला

4. सामाजिक तथा राजनीतिक चेतना के उन्नयन में सतनाम आंदोलन की भूमिका (छत्तीसगढ़ के विशेष संदर्भ में) — 26
अनिता बरगाह
आई.आर. सोनवानी

5. संथाल विद्रोह की आर्थिक सामाजिक परिस्थितियाँ — 33
बन्दे हुसैन अन्सारी

6. छत्तीसगढ़ की उरांव जनजातियों का सांस्कृतिक एवं साहित्यिक परिचय — 39
स्नेहलता निर्मलकर
दया टोप्पो

7. सूचना का अधिकार और समाज कार्य हस्तक्षेप — 42
डिगेश्वर साहू

8. सारण जिला के महिला पंचायत प्रतिनिधियों की निर्णय क्षमता एवं राजनीतिक जागरूकता : मनोसामाजिक अध्ययन — 49
चंदा कुमारी
पूनम सिंह

9. सन् 1942 के आंदोलन में छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज की भूमिका : एक ऐतिहासिक अध्ययन — 52
सन्ध्या रजनी मिश्रा

10. महाद सत्याग्रह में डॉ0 भीमराव आम्बेडकर का योगदान — 60
रश्मि निर्मल

11. बिहार में नक्सलवाद और मानवाधिकार: एक विश्लेषण — 64
मोहिनी राज

12. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना : एक अध्ययन छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिले के संदर्भ में — 70
हेमलता गायकवाड़

ATTESTED
PRINCIPAL
D.P. Vipra College
Bilaspur (C.G.)

No. 40942,
Impact Factor 3.112, ISSN 0973-3914
Vol.- XXVII, Hindi-II, Year-14, March., 2019

भारतीय समाज में विधवा महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति

• अन्जू शुक्ला

सार- भारतीय समाज में स्त्री को लक्ष्मी, सरस्वती, एवं काली मानकर पूज्यनीय माना गया परन्तु आदिकाल से लेकर वर्तमान समय तक समाज में महिलाओं की स्थिति में लगातार उतार-चढ़ाव आते रहे हैं। खासकर विधवा स्त्री की स्थिति का अध्ययन करना क्योंकि वैधव्य जीवन महिलाओं के लिए सबसे बड़ी त्रासदी है। आदिकाल से लेकर अब तक समाज में विधवाओं की क्या स्थिति रही है। इसी को तथ्य को अध्ययन का आधार मानकर प्रस्तुत शोध पत्र लिखने का प्रयास किया गया है।

मुख्य शब्द- वैधव्य जीवन, त्रासदी।

प्रस्तुत अध्ययन लेखन के पूर्व भी अध्ययन भी किए गए हैं। जैसे -काणे पी.बी. धर्मशास्त्र का इतिहास अनुवादक प्राध्यापक अर्जुन चौबे काश्यप प्रकाशन हिन्दी सूचना विभाग उत्तरप्रदेश शासन लखनऊ 1973 प्रथम भाग इसमें स्त्री अधिकार के बारे में विस्तृत स्त्री के संबंध में प्रकाश डाला गया है।

2. जोशी ब्रम्हदत्त -''सती प्रथा का यथार्थ'' पंचशील प्रकाशन जयपुर 2000 इसमें सती प्रथा एवं विधवा स्त्रियों के स्थिति पर प्रकाश डाला गया है।

3. अंसारी एम.ए. ''नारी चेतना एवं अपराध : पंचशील प्रकाशन जयपुर 1990 इसमें नारी से संबंधित विभिन्न प्रकार के अपराधों में सती प्रथा एवं विधवा समस्या पर व्यापक प्रकाश डाला गया है।

4. ताराभाई एल- ''विडोज इन इंडिया'' आर.बी. पब्लिशिंग कारपोरेशन नई दिल्ली 2004 इसमें तमिलनाडु के संदर्भ में विधवा समस्या पर व्यापक प्रकाश डाला गया है।

5. नायर पी के.बी. -''विडोज इन मार्डन इंडिया'' प्रिंटेड एण्ड पब्लिशिंग दी बोमेन प्रेस करनाल रोड दिल्ली 2006 इसमें विधवा से संबंधित विभिन्न लेखों का संग्रह है।

6. आनंद मुल्कराज --''सती'' आर.बी.पब्लिशिंग कारपोरेशन दिल्ली 1989, 1996 इससे राजाराम मोहनराय के विचार को आधार मानकर सती प्रथा के रोकने से संबंधित तथ्यों का उल्लेख है।

इनके अतिरिक्त रमा शर्मा एवं मिश्रा भारतीय समाज में नारी, रमा सिंह शिक्षित हिन्दू महिलाऐं एवं धर्म ज्ञानेन्द्र रावत, '' औरत अस्मिता और अधिकार'', नाराणी प्रकाश नारायण एवं गौतम ज्योति, लिंग एवं समाज डॉ. वीनागर्ग-''भारतीय महिलाएं एक विश्लेषण'' डॉ. निशांत सिंह, ''अपराध बनाम महिलाऐं'' डॉ. प्रमिला कपूर, कामकाजी

• प्राध्यापक, समाजशास्त्र डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

ATTESTED
PRINCIPAL
D.P. Vipra College
Bilaspur (C.G.)

ISSN : 0975-3664 GC : 41386 RNI : U.P.BIL/2012/43696
Year : 2018 Year : JUNE Vol. : 2

शोध - धारा
SHODH-DHARA

A UGC Listed Research Journal

Grade 'A' Impact Factor 5

शैक्षिक एवम् अनुसंधान संस्थान, उरई-जालौन (उ०प्र०) द्वारा प्रकाशित
Published by Shikshik Avam Anusandhan Sansthan

ATTESTED
PRINCIPAL
D.P. Vipra College
Bilaspur (C.G.)

शोध - धारा
SHODH-DHARA

(मानविकी एवं समाज विज्ञान पर केंद्रित पीयर रिव्यूड त्रैमासिक शोध–जर्नल 'ए' ग्रेड प्राप्त)
(A peer reviewed Quarterly Research Journal of Humanities & Social Sciences with 'A' Grade)

Year 2018 **JUN** **Vol. 2**

अनुक्रम Contents

शीर्षक	लेखक	पृ०सं०
राष्ट्र विकास और सामाजिक चिन्तन	साहनु राम महेन्द्र डॉ० सुधीर सिंह गौर डॉ० बी.पी. देवांगन	1-6
राष्ट्र के विकास में धर्म एवं संस्कृति की भूमिकाः एक समाजशास्त्रीय अध्ययन	डॉ० (श्रीमती) अंजू शुक्ला डॉ० स्वाती शर्मा	7-11
राष्ट्र विकास के संदर्भ में वैश्वीकरण	डॉ० श्रीमती नंदिनी तिवारी डॉ० संजय कुमार तिवारी	12-18
राष्ट्र विकास में धर्म और संस्कृति का चिंतन	डॉ० सुनीता राठौर	19-23
राष्ट्र विकास में राष्ट्रवादी विचारधारायें	डॉ० महेश कुमार शुक्ल	24-28
सनातन धर्म एवं संस्कृति में प्रतिबिम्बित राष्ट्र–भारत	डॉ० राजीव शर्मा डॉ० अजय कुमार सिंह	29-31
राष्ट्र की अवधारणा और भारतीय चिंतन	श्रीमती कांति अंचल	32-34
राष्ट्र विकास और भारत में प्रगतिशील सांस्कृतिक आंदोलन	डॉ० दिनेश कुमार पाण्डेय श्रीमती श्वेता पंड्या	35-40
राष्ट्रः चेतना और प्रकृति	डॉ० फुलसो राजेश पटेल	41-43
राष्ट्र के विकास मे धर्म और संस्कृति का चिंतन	डॉ० रेखा दुबे	44-45
व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण पर विवेकानन्द के कालजयी विचार	डॉ० आलोक वर्मा डॉ० मंजू पाण्डेय	46-48
धर्म चिंतन और राष्ट्र विकास	डॉ० तारणीश गौतम	49-53
राष्ट्र विकास में धर्म और संस्कृति का चिंतन	डॉ० ए.एल. ध्रुवंशी डॉ० सुरेश मणि त्रिपाठी	54-58
राष्ट्र विकास और गांधी चिंतन	डॉ० एम.पी. रोहणी	59-61
राष्ट्र विकास में औद्योगिकी नीति का योगदान	डॉ० (श्रीमती) संजू पाण्डेय डॉ० प्रवीण कुमार पाण्डेय	62-66
राष्ट्र विकास के आर्थिक आयाम	डॉ० एस.पी. भारद्वाज डॉ० जी.सी. भारद्वाज	67-69
पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक विकास	डॉ० डी.के. सिंह	70-73
सतत् विकास का लक्ष्य और भारत	डॉ० हेमचन्द्र पाण्डेय	74-77

ISSN : 0975-3664, RNI : U.P.BIL/2012/43696, UGC NO. : 41386
SHODH-DHARA ; JUNE 2018; Vol. 2; P. 7-11

राष्ट्र के विकास में धर्म एवं संस्कृति की भूमिका : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

डॉ० (श्रीमती) अंजू शुक्ला

सहायक प्राध्यापक, डी.पी. विप्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़

डॉ० स्वाती शर्मा

सहायक प्राध्यापक, डी.एल.एस. महाविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़

(प्राप्त : १० मई २०१८)

Abstract

